* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 353

कटरा : अत्याधुनिक स्काईवॉक मां वैष्णो के भक्तों को समर्पित, राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन












## मुख्यमंत्री खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के सम्मान समारोह में हुए शामिल

# पंचायतों में खेल क्लब शुरू होगा : हेमंत

- राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले और प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया
- पहली बार राज्य में हुआ इतना बड़ा आयोजन, मुख्यमंत्री ने इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों और 48 प्रशिक्षकों से अधिक के बीच लगभग 5 करोड़ रुपये की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप वितरित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जिस प्रकार से यह स्टेडियम सजा है। जिस तरह से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद हैं। जिस उद्देश्य के लिए यह परिसर और स्टेडियम बना है। आज का यह समारोह इस परिसर और स्टेडियम का वास्तविक शोभा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी परिकल्पना है कि इस तरह का आयोजन यहां लगातार होता रहे, ताकि इसका संदेश सिर्फ झारखंड ही नहीं, पूरी दुनिया में गूंजे। हमारी सरकार इसी परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है कि आनेवाले दिनों में देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ियों के पूरा न हो। हर खेल में हमारे झारखंड के युवा खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया में देश और राज्य का नाम रोशन करें।

मुख्यमंत्री गुरुवार को हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव, रांची में आयोजित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मान राशि वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। राज्य में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम किया गया। उन्होंने पुरस्कार पानेवाले सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक क्लब को प्रतिवर्ष 25,000 रुपये की अनुदान राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे क्षेत्र, जो नक्सल प्रभावित हैं, वहां भी युवाओं को खेल से जोड़ कर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उदेश्य से सहाय योजना की शुरुआत हमारी सरकार ने की है। पिछले वर्ष लगभग 75 हजार खिलाड़ियों ने सहाय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस वर्ष हम इसका दायरा पांच जिला से बढ़ा कर सात जिला करनेवाले हैं।




### खिलाड़ियों को कम से कम 50 हजार रुपये सम्मान राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों को सिर्फ मेडल जीतने के लिए तैयार नहीं करेंगे, बल्कि झारखंड में खेल का एक वट वृक्ष तैयार करने के उद्देश्य से कार्य करेंगे। आनेवाले समय में इस राज्य में खिलाड़ियों की नर्सरी वास्तविक रूप से सार्थक करने का प्रयास किया जायेगा। हमारी सरकार इस कार्य की ओर अग्रसर भी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए खेल विभाग ने पंचायत, प्रखंड, जिला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कोशिश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 खिलाड़ियों को सरकार ने सीधी नियुक्ति दी है। खिलाड़ियों की आगे भी नियुक्तियां होती रहेंगी। झारखंड के खिलाड़ियों ने जो हुनर दिखाया, उसका लोहा मानना होगा। उन्होंने अपनी ताकत के बल पर अपना स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में बहुत ही कम राशि खिलाड़ियों को बतौर सम्मान राशि वितरित की जाती थी, जो न्याय संगत नहीं था। कोई भी नकद पुरस्कार 50 हजार से कम न हो, यह हमारी सरकार ने तय किया है। अब कोई भी पुरस्कार 50 हजार से कम का नहीं है और इसकी अधिकतम सीमा पांच करोड़ रुपये तक सरकार ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो शारीरिक रूप से ठीक नहीं हैं और खेल के प्रति जिनका रुझान है, उनके लिए भी खेल प्रतिस्पर्धा हेतु अलग व्यवस्था बनायेंगे।

**खिलाड़ियों के प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड के खिलाड़ी उत्साहित होकर खेल के प्रति अपने आपको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। आप सभी खिलाड़ियों के इस प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे। आपके हुनर को तराशने और एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की हर कोशिश हमारी सरकार करेगी। मैं स्वयं खेल के प्रति अपनी पैनी नजर बनाये रखता हूं। खेल के क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में गाड़ी बिल्कुल थम सी गयी थी। हमारे खिलाड़ियों को समझ में नहीं आता था कि खेलते हुए हमारा भविष्य क्या होगा? खिलाड़ियों की ऐसी सभी चिंताओं को हमारी सरकार ने दूर करने का इमानदार प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों से अपील की कि आप चिंता न करें, आप खेल की दिशा में आगे बढ़ें। आपके भविष्य की चिंता हमारी सरकार करेगी। आपका पूरा जीवन कैसे सुरक्षित हो, इसकी पूरी गारंटी के साथ आपको आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, उनके प्रशिक्षकों को भी आगे बढ़ाने का कार्य राज्य सरकार करेगी।

(संबंधित खबर पेज 03)

# माओवादियों ने रेल लाइन निर्माण में लगे वाहन फूंके

**हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र की घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटकमसांडी।** जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर हेसा कुंदर गांव में गुरुवार तड़के करीब तीन बजे माओवादियों ने वाहनों को जला दिया। इसमें चार हाइवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर, एक ट्रैक्टर डोजर वाहन हैं। इस घटना से कंपनी को करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटनास्थल पर माओवादियों ने पर्चा भी छोड़ा है। घटना की जिम्मेदारी माओवादी संगठन ने ली है। जलाये गये सभी वाहन रेलवे की कंपनी के हैं। कठौतिया टोरी चंदवा रेल लाइन निर्माण में इन वाहनों से काम लिया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि लेवी के लेनदेन में घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि 30 से 40 की संख्या में उग्रवादियों ने दस्ताने सीमा पहाड़ी मंदिर के सामने वाले कैंप में धावा बोला और वहां कार्यरत 15 से 20 की संख्या में काम कर रहे कर्मियों को कब्जे में ले लिया। सभी को रेलवे लाइन को पार करा कर दूसरी तरफ स्थित कैंप में रखा गया और चारों तरफ से घेर लिया।

पांच से सात लोग कैंप के अंदर आये और सोये कर्मियों को उठाया, 15 लोगों का मोबाइल छीन लिया और कैंप के एक रूम में सभी को बंद कर दिया। गाड़ी से डीजल निकाल कर वाहनों में आग लगा दी। इसके बाद चार राउंड फायरिंग करते हुए जंगल की ओर निकल गये। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा। पर्चा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मारवाड़ी लिखा हुआ है। इसमें धमकी दी गयी है कि कोई भी सरकारी कार्य बिना आदेश का नहीं करें। जानकारी मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया और फोन कर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया। जब तक पुलिस एवं फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची तब तक वाहन पूरी तरह जल चुके थे। आसपास खड़े अन्य वाहनों को तुरंत दूसरी जगह ले जाया गया।

कर्मियों ने कहा कुछ उग्रवादी पुलिस की तरह वर्दी पहने हुए थे जबकि कुछ लोग सादे कपड़े में और मास्क लगाए हुए थे। सभी 40 कर्मियों से मोबाइल लूट लिया। साथ ही भागुराम और मोछू मिस्त्री के साथ मारपीट भी किया। शिवपुरी कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगी रॉयल इंफ्रा कंट्रोल लिमिटेड कोलकाता प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि उग्रवादी घटना में कंपनी के चार हाईवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर एक ट्रैक्टर डोजर को जलाया गया है जबकि एक दर्जन से अधिक वाहनों पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया। इन वाहनों में मामूली क्षति हुई है।

## बिहार रेल हादसा : 31 ट्रेनें रद्द, 95 के रूट बदले गये

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार में दिल्ली से गुवाहाटी जा रही नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस (12506) बुधवार की रात हादसे का शिकार हो गयी। ट्रेन की सभी 21 बोगियां पटरी से उतर गयीं। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है, जिनमें दो पुरुष, मां और बेटी शामिल हैं। हादसे के दूसरे दिन भी दिल्ली-हावड़ा रेल रूट ठप रहा। ट्रैक की 21 बोगियां बिखरीं पड़ी थीं। इसे हटाने में 300 से ज्यादा कर्मचारी लगे हुए हैं। रेलवे के मुताबिक गुरुवर देर रात तक एक ट्रैक शुरू होने की संभावना है। हादसे के बाद से अब तक 31 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 95 का रूट डायवर्ट किया गया है।

## मोदी ने कैलाश दर्शन किये, यहां जानेवाले पहले पीएम

# डरी हुई सोच से आगे बढ़ा भारत : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता


**पिथौरागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड का दौरा किया। यहां उन्होंने सबसे पहले पिथौरागढ़ में कैलाश व्यू पॉइंट से आदि कैलाश के दर्शन किये। फिर भारत-चीन सीमा से सटे गुंजी गांव गये। बाद में अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम पर माथा टेका। दिन के अंत में पीएम ने पिथौरागढ़ में एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, ऐसे ही सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। ये काम पहले की सरकारों द्वारा भी किया जा सकता था। लेकिन पहले की सरकारों ने इस डर से बॉर्डर एरिया का विकास नहीं किया कि कहीं दुश्मन इसका फायदा उठा कर अंदर ना आ जायें। आज का नया भारत, पहले की सरकारों की इस डरी हुई सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि दूर पहाड़ों पर जो लोग रहते हैं, हमने उनकी भी चिंता की। इसलिए सिर्फ पाच साल में देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। ये इस बात का उदाहरण है कि भारत अपनी गरीबी मिटा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले नारा दिया जाता था कि गरीबी हटाओ। मोदी कह रहा है? कि हम मिल कर गरीबी हटा कर रहेंगे। हम जिम्मेदारी लेते हैं और जी-जान से जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में देश ने लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। दशकों से लंबित ये काम आपका भाई और आपका बेटा कर पाया है।

## गुजरात हाइकोर्ट से केजरीवाल और संजय को झटका

**अहमदाबाद (आजाद सिपाही)।** गुजरात हाइकोर्ट से आप नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को करारा झटका लगा है। हाइकोर्ट ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री मानहानि मामले में दोनों आप नेताओं को जारी किये गये समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट अदालत ने आप नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को समन जारी किया था। हाइकोर्ट ने ट्रॉयल कोर्ट द्वारा पहले जारी किये गये समन को रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान न्यायमूर्ति जेसी दोशी ने गुजरात विश्वविद्यालय और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए तीन नवंबर की तारीख दी है।




## इस्राइल में फंसे भारतीयों के लिए ऑपरेशन अजय शुरू

# युद्ध के बीच आज लौटेंगे 230 भारतीय

**इस्राइल में फंसे हैं 18 हजार भारतीय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इस्राइल और हमास के बीच पांच दिन से युद्ध छिड़ा है। दोनों देशों में हालात और बिगड़ सकते हैं। ऐसे में इस्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी की मोदी सरकार ने पहल शुरू कर दी है। इस्राइल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार ने 'ऑपरेशन अजय' लांच किया। बुधवार को इस ऑपरेशन की शुरुआत विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। सरकार उन भारतीयों की इस्राइल से वापसी की सुविधा देगी, जो घर वापस आना चाहते हैं। इस्राइल में रहनेवाले करीब 230 भारतीय गुरुवार रात की उड़ान से 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर भारत के लिए रवाना होंगे। ये सभी शुक्रवार को भारत पहुंचेंगे।



गौरतलब है कि पांच दिन पहले इस्राइल-हमास के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। इस बीच, भारत ने पहले अपने नागरिकों को लेकर गाइडलाइन जारी की। उसके बाद ऑपरेशन अजय शुरू किया गया है। इस्राइल में लगभग 18000 भारतीय रहते हैं। सरकार ने दिल्ली और इस्राइल के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

## न्यूज रील्स

### एमपी में छात्रों को हर महीने पैसे देंगे : प्रियंका

**रामनगर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सरकार बनी तो बच्चों की शिक्षा पहली से 12वीं तक फ्री दी जायेगी। इसका नाम पढ़ो और पढ़ाओ योजना होगा। कक्षा एक से आठ तक बच्चों को पांच सौ, नौवीं से दसवीं तक एक हजार रुपये दिये जायेंगे। 11वीं से 12वीं तक हर महीने पंद्रह सौ रुपये मिलेंगे। प्रियंका गुरुवार को मंडला जिले के रामनगर में सभा को संबोधित कर रही थीं।

### भारत 5000 साल से सेक्यूलर है: भागवत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने ने कहा कि भारत 5000 साल से सेक्यूलर रहा है। सभी तत्वों के ज्ञान का यही सार है। सारा विश्व एक परिवार है, ये हमारी भावना है। ये महज एक सिद्धांत नहीं है, इसे जानने, मानने और इसके मुताबिक आचरण करने की जरूरत है। हम मातृभूमि को अपनी राष्ट्रीय एकता का अहम भाग मानते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मातृभूमि के लिए भक्ति, समर्पण और प्रेम की भावना रखें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# इस्राइल के मुद्दे पर हमास का समर्थन कर कांग्रेस विवादों में घिरी

## ■ पार्टी को भारी पड़ सकता है आतंकी संगठन हमास के हमले का समर्थन

## ■ 2024 के चुनाव में भाजपा का राष्ट्रवाद का मुद्दा निभायेगा महत्वपूर्ण भूमिका

**आजाद सिपाही विशेष**

इस्राइल पर फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के हमले के एक सप्ताह बाद पश्चिम एशिया में युद्ध लगातार जारी है। इसमें अब तक तीन हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और तीन लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। इस युद्ध की तपिश हजारों किलोमीटर दूर भारत के सियासी महकमे में महसूस की जाने लगी है। यह तपिश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अगले साल होनेवाले आम चुनाव में बड़ा मुद्दा बनने की तरफ अग्रसर है। इसका कारण सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस द्वारा परस्पर विरोधी स्टैंड लेना है। भाजपा ने राष्ट्रवाद की अपनी घोषित नीति के अनुरूप इस्राइल का समर्थन किया है, वहीं कांग्रेस ने फिलीस्तीनी आतंकी संगठन हमास का समर्थन कर मुद्दे को उलझा दिया है। कांग्रेस के भीतर भी पार्टी के स्टैंड को लेकर मतभेद की खबरें हैं, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि हमास का समर्थन करने के बाद अब भारत में ध्रुवीकरण की संभावना जोर पकड़ने लगी है। इस्राइल के मुद्दे को लेकर भारत के लोग स्पष्ट रूप से दो खेमों में बंटे हुए हैं। बहुसंख्यक आबादी जहां इस्राइल के पक्ष में खड़ी है, वहीं अल्पसंख्यक, खास कर मुस्लिमों की हमदर्दी हमास और फिलीस्तीन के साथ है। ऐसे में कांग्रेस के स्टैंड ने उसे एक बार फिर बहुसंख्यकों के खिलाफ खड़ा कर दिया है, जो चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सांप्रदायिक राजनीति का विरोध करनेवाली कांग्रेस ने हमास का समर्थन कर खुद को ऐसे विवाद में फंसा लिया है, जहां से निकलना उसके लिए मुश्किल होगा। क्या है इस्राइल-फिलीस्तीन संघर्ष पर भारतीय सियासत का माहौल, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इस्राइल-फिलीस्तीन के बीच संघर्ष जारी है। इसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है और यह युद्ध कब रुकेगा, अभी इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। इस अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच भारत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, तो बाद में लोकसभा चुनाव भी होना है। भारत ने इस्राइल पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है और पीएम नरेंद्र मोदी ने इस्राइल का साथ देने की बात कही है। वहीं, कांग्रेस ने अपनी कार्यसमिति में एक प्रस्ताव पास कर फिलीस्तीन के लोगों और खासकर हमास के साथ सहानुभूति जतायी है। इस तरह अब यह तय हो चुका है कि इस्राइल-फिलीस्तीन विवाद भी एक चुनावी मुद्दा बन सकता है। वैसे सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं की बयानबाजी से तो लगता है कि इसकी शुरुआत हो चुकी है।

### क्या है भाजपा का स्टैंड

भाजपा ने कांग्रेस और एआइएमआइएम पर आतंकवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी हमेशा पीएफआइ और हमास जैसे आतंकी संगठनों के साथ खड़ी रही है। इससे देश की सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। पार्टी का कहना है कि देश को यूपीए शासन के दौरान सबसे ज्यादा आतंकी हमले झेलने पड़े, जबकि भाजपा सरकार में देश सुरक्षित है। इसके पहले भाजपा ने कहा था कि आज जिस तरह इस्राइल को भीषण आतंकी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, भारत को भी 2014 के पहले इसी तरह की आतंकी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। पार्टी ने इस्राइल हमलों की मुंबई आतंकी घटना से तुलना करते हुए कहा है कि आज इस्राइल पर हमला होने के बाद इस्राइल ने आतंकियों के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया है। लेकिन मुंबई हमले के दौरान भारत ने ऐसा नहीं किया। पार्टी ने इसके सहारे कांग्रेस के कथित कमजोर नेतृत्व पर निशाना साधा है।

### क्या है कांग्रेस का स्टैंड

दूसरी तरफ फिलीस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इस्राइल के लोगों पर क्रूर हमलों की निंदा करने के एक दिन बाद ही कांग्रेस खुल कर फिलीस्तीनियों के समर्थन में उतर आयी। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के दौरान पारित एक प्रस्ताव में फिलीस्तीन-इस्राइल संघर्ष पर दुख व्यक्त किया गया और युद्धविराम की मांग की गयी। कार्यसमिति के सात विंदुओं वाले प्रस्ताव के आखिरी विंदु में फिलीस्तीनी लोगों के अधिकारों का समर्थन किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि कार्यसमिति मध्य-पूर्व में छिड़े युद्ध और हजार से अधिक लोगों के मारे जाने पर गहरा दुख और पीड़ा व्यक्त करती है। कार्यसमिति फिलीस्तीनी लोगों के जमीन, स्वशासन और आत्मसम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन के अधिकारों के लिए अपने दीर्घकालिक समर्थन को दोहराती है। कार्यसमिति तुरंत युद्धविराम और वर्तमान संघर्ष को जन्म देने वाले अपरिहार्य मुद्दों सहित सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत शुरू करने का आह्वान करती है। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने कहा था कि पार्टी का हमेशा मानना ??रहा है कि आत्म-सम्मान, समानता और सम्मान के जीवन के लिए फिलीस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाएं केवल बातचीत और बातचीत की प्रक्रिया के माध्यम से पूरी होनी चाहिए, जबकि इस्राइली लोगों के वैध राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करना चाहिए। किसी भी प्रकार की हिंसा कभी भी समाधान नहीं देती है और यह रुकना चाहिए। इसके उलट कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किये गये।



### पार्टी के भीतर मतभेद को उजागर करता है कांग्रेस का स्टैंड

कांग्रेस का बयान पार्टी के भीतर मतभेद को उजागर करता है। कार्यसमिति की बैठक में इस मुद्दे पर प्रस्ताव को सभी ने पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया था। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी इसे प्रस्ताव में शामिल नहीं करना चाहते थे, क्योंकि पार्टी का फोकस जातिगत सर्वे की मांग पर ध्यान केंद्रित करना था।

### भाजपा नेता हुए हमलावर

पहले पार्टी का स्टैंड सामने आने और फिर कांग्रेस के प्रस्ताव के बाद भाजपा के कई नेताओं ने इस्राइल के संदर्भ में अपनी बेबाक टिप्पणी करनी शुरू कर दी। पार्टी नेताओं ने कहा कि इस्राइल ने जो देखा है, भारत ने इसके पहले कई बार देखा है। इस्राइल के धार्मिक उत्सव के दिन उस पर हमास ने हमला किया, जबकि भारत पर अनेक बार इसी तरह के हमले हुए। इन बातों को इसलिए याद रखना चाहिए, जिससे हम इस तरह की घटनाओं को दुबारा घटित होने से रोक सकें। उन्होंने कहा कि सरकार इतनी मजबूत होनी चाहिए, जो ऐसे अवसरों पर ठोस और कठोर जवाबी कार्रवाई कर सके। इस संदर्भ में पुलवामा में घटित आतंकी घटना के बाद केंद्र द्वारा की गयी सर्जिकल स्ट्राइक को याद किया जा सकता है। भाजपा ने हमेशा इसे अपने मजबूत नेतृत्व का परिणाम बताया है। भाजपा नेताओं का रुख यह बताता है कि वे चुनाव में इस्राइल-फिलीस्तीन विवाद को एक मुद्दे की तरह उभारने की कोशिश कर सकते हैं।

### सपा भी हमास के समर्थन में

इस्राइल-फिलीस्तीन विवाद को हवा देने में केवल भाजपा और कांग्रेस नेताओं की ही टिप्पणी सामने आयी हो, ऐसा नहीं है। समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि यदि भाजपा के लोग फिलीस्तीन के खिलाफ सिर्फ इसलिए खड़े हैं, क्योंकि वहां मुसलमान हैं, तो पार्टी भी फिलीस्तीन के साथ सिर्फ इसलिए खड़ी है, क्योंकि वहां मुसलमान हैं। पार्टी ने इस्राइल-फिलीस्तीन विवाद में खुद के एक पक्ष में खुल कर खड़े होने की बात कही है।

### कैसे बन सकता है ये चुनावी मुद्दा

दरअसल, भाजपा देश की सुरक्षा और अखंडता को हमेशा अपना राजनीतिक चुनावी मुद्दा बनाती रही है। जानकारों का कहना है कि उत्तरप्रदेश का चुनाव उसने केवल इसी मुद्दे पर जीता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पिछली राजस्थान यात्रा में भी सुरक्षा के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया था। संकेतों में उन्होंने 'कन्हैयालाल की हत्या' का मुद्दा भी उठाया और कहा कि राजस्थान सरकार इतने संवेदनशील मामले पर चुप रही।

जिस तरह भाजपा ने इस्राइल में हुई आतंकी वारदात को देश में हुई आतंकवादी घटनाओं से जोड़ा है, इस बात की संभावना जतायी जा रही है कि भाजपा इसे एक चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर सकती है। इस मुद्दे पर वह खुल कर न भी आये, तो सुरक्षा को अहमियत देते हुए इशारों में इसे तूल देने की कोशिश कर सकती है।

### खुल कर सामने नहीं आयेगी भाजपा

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भारत स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक इस मुद्दे पर फिलीस्तीन के साथ खड़ा रहा है। मोदी सरकार ने पहली बार खुल कर हमास की आतंकी घटनाओं पर इस्राइल का साथ दिया है। हालांकि सरकार ने भी समय-समय पर फिलीस्तीन के लोगों के साथ भी अपनी प्रतिबद्धता दिखायी है और उनके लिए शांतिपूर्ण जीवन का रास्ता तैयार करने पर बल दिया है, लेकिन खुल कर इस्राइल का साथ देने को भारत की नीतिगत सोच में बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और मुस्लिम देशों की संभावित प्रतिक्रियाओं को देख कर इस बात की संभावना बहुत कम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व खुल कर इस मुद्दे को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश करे, लेकिन उसके निचले स्तर के नेता अपनी सभाओं में इस तरह के मुद्दे उठा सकते हैं। जनता को प्रभावित करने में इस तरह के स्थानीय नेताओं की अहम भूमिका होती है और वे इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यदि विपक्षी दल के किसी नेता ने इस विवाद में कोई बड़ी बयानबाजी नहीं की, तो यह बड़ा मुद्दा नहीं बनेगा, लेकिन एक भी गलत बयानबाजी से भाजपा को बड़ा अवसर मिल सकता है और यदि ऐसा हुआ तो वह इस मुद्दे को भी भुनाने से नहीं चूकेगी।

---

## राजनीतिक हलचल

### क्या महत्वाकांक्षी रानी ने समय को भांपते हुए हथियार डाल दिये

भाजपा ने राजस्थान के लिए घोषित की गयी 41 सीटों में से वसुंधरा राजे सिंधिया के करीबी नेताओं को किनारे लगा दिया है। राजपाल सिंह शेखावत और नरपत सिंह राजवी जैसे वसुंधरा के अनेक करीबियों पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की गाज गिरी है। वसुंधरा राजे सिंधिया सरकार में मंत्री रहे राजपाल सिंह शेखावत को उनका बहुत करीबी नेता माना जाता है। वह जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2008 और 2013 में विधायक रह चुके हैं। पिछले चुनाव में वे कांग्रेस के लालचंद कटारिया से चुनाव हार गये थे। लेकिन बदली हवा में इस बार यहां से उनकी जीत पक्की मानी जा रही थी, लेकिन भाजपा ने उनका नाम काट दिया है। पहली लिस्ट में एक भी चेहरा ऐसा शामिल नहीं है, जिसे वसुंधरा का खास आदमी कहा जा सके। अभी तक अटकलें लगायी जा रही थीं कि वसुंधरा करीबियों को टिकट न मिलने पर रानी का विद्रोह सामने आ सकता है। लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं हुआ है। वसुंधरा के कुछ समर्थकों ने अपना टिकट कटने पर विरोध जरूर जताया है, लेकिन स्वयं वसुंधरा ने इस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्या उन्हें किसी बात की प्रतीक्षा है ,या महत्वाकांक्षी रानी ने समय की नजाकत को भांपते हुए केंद्रीय नेतृत्व के सामने हथियार डाल दिये हैं।

### नहीं तो पनप सकती है बगावत

चर्चा है कि वसुंधरा ने अपने कम से कम 52 विशेष समर्थकों को चुनाव में जुटने का संदेश दे दिया है। यदि इन समर्थकों को भाजपा से टिकट मिलता है, तो वे पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यदि उन्हें टिकट नहीं मिला, तो वे स्वतंत्र चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें, ऐसा निर्देश उन्हें दे दिया गया है। यदि ऐसा होता है और वसुंधरा समर्थक उम्मीदवार पांच-दस हजार वोट भी काटते हैं तो इससे भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। जानकारों की मानें तो भाजपा ने पहली सूची में उन्हीं क्षेत्रों को शामिल किया है, जहां या तो भाजपा कभी नहीं जीतती थी, या जिन सीटों पर उसकी जीत हमेशा सुनिश्चित मानी जाती थी। लेकिन अभी वसुंधरा राजे सिंधिया के मूल इलाके झालावाड़ और इसके आसपास के इलाकों की सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। ऐसे में अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि वसुंधरा करीबियों को पूरी तरह किनारे लगा दिया गया है।

### वसुंधरा को भी मिल सकता है टिकट

जानकारों की मानें तो अब चर्चा है कि भाजपा उन्हें मैदान में उतार सकती है। इससे भाजपा की चुनावी मुहिम को तेजी मिल सकती है और उसकी जीत का आंकड़ा बढ़ सकता है। जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें भाजपा के लिए यदि कहीं से बेहतर समाचार सुनने को मिल सकता है, तो वह राजस्थान ही हो सकता है। ऐसे में वह अपनी इस जीत को इतना बड़ा अवश्य रखना चाहेगी, जो दूसरे राज्यों में नुकसान के शोर को कमजोर कर सके।

# राजकुमारी दीया, राजघराने से राजनीति तक का सफर

**आम आदमी से प्रेम हुआ, फिर हुआ बवाल**

**रॉयल्टी ऑफ राजपूताना में अपनी प्रेम कहानी को किया था सार्वजनिक**

**अब हैं वसुंधरा का विकल्प!**

बीजेपी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में सात सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिनमं सांसद दी कुमारी का नाम सुर्खियां बटोर रहा है। चर्चा तो यहां तक है कि कहीं यह सीएम फेस तो नहीं। फिलहाल सांसद दीया कुमारी को भाजपा ने राजधानी जयपुर के तहत आनेवाली विद्याधर नगर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। अभी वह राजसमंद लोकसभा सीट से सांसद हैं। वहीं, सियासी हल्कों में पूछा जा रहा है कि क्या अब दीया कुमारी ही वसुंधरा राजे की विकल्प बनेंगी या यह बीजेपी का चुनावी पैंतरा है। बीजेपी की जैसे ही पहली सूची जारी हुई और दीया कुमारी के विधानसभा चुनाव लड़ने की खबर पर मुहर लगी, वैसे ही दीया को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया। दीया को बीजेपी ने अपनी सबसे सेफ सीट कहे जाने वाली विद्याधर नगर सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट से मौजूदा वक्त में पूर्व उप राष्ट्रपति और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके भैरों सिंह शेखावत के करीबी रिश्तेदार नरपत सिंह राजवी विधायक हैं। लिहाजा, ऐसे में जब उनका टिकट कटा तो चचाओं को और बल मिल गया कि क्या बीजेपी के पास दीया कुमारी को लेकर बड़ा प्लान है।

### राजकुमारी दीया की प्रेम कहानी जरा फिल्मी है

राजसमंद सांसद और जयपुर राजघराने की राजकुमारी दीया की प्रेम कहानी काफी फिल्मी है। उनकी प्रेम कहानी पहले तो किसी को पता ही नहीं चली, लेकिन 23 साल पहले जब सामने आयी तो सुर्खियां बन गयी। दरअसल, राजकुमारी दीया ने राजघराने के विरोध के कारण 1994 में दिल्ली के एक कोर्ट में गुपचुप तरीके से सामान्य आदमी नरेंद्र सिंह से शादी कर ली थी। इसके दो साल बाद उन्होंने मां पद्मिनी देवी को अपनी शादी के बारे में बताया था। इसके बाद जयपुर और राजस्थान ही नहीं पूरे देश में सनसनी फैल गयी थी। राजकुमारी दीया जयपुर के पूर्व महाराज सवाई भवानी सिंह और रानी पद्मिनी देवी की इकलौती संतान हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई नयी दिल्ली के मॉडर्न स्कूल और जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स पब्लिक स्कूल से की थी।



आगे की पढ़ाई के लिए राजकुमारी दीया कुमारी लंदन चली गयी थीं। इसके बाद जब राजकुमारी दीया राजमहल के अकाउंट का काम देख रही थीं, तभी उनकी मुलाकात नरेंद्र सिंह से हुई थी। दीया कुमारी ने खुद अपने ब्लॉग रॉयल्टी ऑफ राजपूताना में अपनी प्रेम कहानी लिख कर सार्वजनिक की थी। उन्होंने लिखा था कि मैं जयपुर राजघराने से हूं, लेकिन मैंने हर जगह अपने दोस्त बनाये हैं। मेरे पेरेंट्स ने मुझे खुले माहौल में सामान्य लड़की की तरह पाला है।

### पहली बार जब नरेंद्र से मिली

मैं 18 साल की उम्र में पहली बार नरेंद्र सिंह राजावत से मिली थी। मेरे पति न तो महल में कैशियर थे और न ही मेरे ड्राइवर थे। मेरी शादी परीकथा जैसी जरूर थी, लेकिन नरेंद्र सिंह सामान्य शख्स नहीं थे। दीया ने लिखा कि मेरे पति चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। अपनी पढ़ाई के सिलसिले में नरेंद्र सिंह ने एसएमएस म्यूजियम ट्रस्ट के अकाउंट सेक्शन में ज्वाइन किया था। हमारे अकाउंट डिपार्टमेंट में वह तीन महीने रहे, उसके बाद उन्होंने अपना कंस्ट्रक्शन बिजनेस शुरू किया था। मेरे पेरेंट्स ने उन्हें कंट्रक्शन बिजनेस शुरू करने के लिए कोई पैसा नहीं दिया था। पहली बार हम महल में मिले थे। मैं उनकी सहजता और ईमानदारी से बहुत प्रभावित हुई थी।

### पहली नजर में नहीं हुआ था प्यार

राजकुमारी दीया ने लिखा कि मुझे उनसे पहली नजर में प्यार नहीं हुआ था, जब वह अकाउंट डिपार्टमेंट की ट्रेनिंग खत्म करके चले गये, तो मुझे लगा कि मैं उनसे बार-बार मिलूं। जब भी नरेंद्र जयपुर आते, तो हम कॉमन दोस्त के यहां मिलते थे। मैं पेरेंट्स के साथ विदेश गयी तो उन्हें मिस करने लगी। मुझे एहसास हुआ कि हमारा रिश्ता दोस्ती से कहीं ज्यादा है। मैंने इस बारे में मॉम से बात की, तो उन्हें झटका लगा। वह चाहती थीं कि मेरी शादी किसी राजघराने में हो। मॉम को पता लगने के बाद हम कोशिश करते कि जयपुर के बाहर ही मिलें। हम दिल्ली में एक दोस्त के घर में अकसर मिलते थे।

रिश्ता खत्म करने की कोशिश की, लेकिन प्यार और शादी की चाह गहरी होती गयी।

इस पर मेरे पेरेंट्स ने मुझे शादी के लिए लोगों से मिलाना शुरू कर दिया। मैं कई शानदार लोगों से मिली, लेकिन मेरी दिलचस्पी तो किसी और में थी। मैं अपने पेरेंट्स की चिंता भी समझ रही थी। मैंने नरेंद्र से रिश्ता खत्म करने की कोशिश भी की। हमने बात करना भी बंद कर दिया, इसका कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि प्यार और शादी की चाह गहरी होती चली गयी।

### बिना अभिभावकों की जानकारी के हमने शादी कर ली

हम दोनों ने छह साल तक एक-दूसरे को जानने के बाद आखिरकार 1994 में आर्य समाज तरीके से शादी कर ली। फिर इस शादी को कोर्ट में भी रजिस्टर कराया। मैंने दो साल तक अपने पेरेंट्स को नहीं बताया कि हमने शादी कर ली है। फिर नवंबर 1996 में मैंने मां को बताया कि मैंने शादी कर ली है। हालांकि, नरेंद्र सिंह के परिजनों की प्रतिक्रिया भी पॉजिटिव नहीं रही थी। फिल्मी उतार-चढ़ाव के बाद अगस्त 1997 को राजकुमारी दीया कुमारी की नरेंद्र सिंह के साथ भव्य तरीके से शादी हुई।

### शादी का हुआ था विरोध

राजपूत समुदाय ने एक ही गोत्र का होने के कारण राजकुमारी दीया कुमारी और नरेंद्र कुमार सिंह की शादी का विरोध किया। इसके चलते राजा भवानी सिंह को राजपूत महासभा के अध्यक्ष का पद भी छोड़ना पड़ा। यह खींचतान लगातार 19 साल तक चला।

### तलाक के लिए अर्जी

इस प्रेम कहानी ने कुछ साल पहले अलग मोड़ लिया। दोनों के बीच मनमुटाव की खबरें आनी लगीं। बीजेपी की पूर्व विधायक राजकुमारी दीया कुमारी के पति नरेंद्र सिंह के साथ रिश्ते अच्छे नहीं रह गये थे और दोनों काफी समय से अलग रह रहे थे। राजकुमारी दीया और नरेंद्र सिंह ने इसके बाद फिर साथ रहना शुरू किया, लेकिन फिर अलग हो गये। इसके बाद दोनों ने जयपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी। कोर्ट ने साल 2019 की शुरूआत में दोनों की सहमति से उन्हें तलाक दे दिया। दीया कुमारी और नरेंद्र सिंह के दो बेटे पद्मनाभ सिंह, लक्ष्यराज सिंह और एक बेटी गौरवी है। सांसद दीया कुमारी अपनी पारिवारिक विरासत सिटी पैलेस और जयगढ़ किला समेत अन्य इमारतों तथा हेरिटेज के सरंक्षण का कामकाज भी संभालती हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.45 बजे |



## ट्रेड फेयर एक्सपो उत्सव-2023 का भव्य उद्घाटन

# रचनात्मकता और उद्यमिता का उत्सव है एक्सपो : गवर्नर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जेसीआइ रांची का एक्सपो उत्सव केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि रचनात्मकता और उद्यमिता का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व एक तरह से ग्लोबल विलेज बन गया है। वैश्वीकरण के इस दौर में विकास के लिए प्रतिस्पर्धा में शामिल होना होगा। नित्य विकसित हो रही नयी तकनीक, नये उत्पाद एवं नवोन्मेषी विचार को अपनाना होगा। राज्यपाल गुरुवार को रांची के मोरहाबादी में आयोजित एक्सपो उत्सव-2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति भी विकास के दौर में शामिल हो सकें, इसके लिए जेसीआइ रांची को गांवों तक जाना चाहिए और जनजातीय समुदाय को भी भागीदार बनाना चाहिए। देश तभी विकसित होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग विकसित होगा। इसके लिए हमें प्रयास करना होगा। बाधाएं भी आ सकती हैं, लेकिन बाधाओं को पार कर विकास के लिए नया आयाम स्थापित करने वालों की ही विशिष्ट पहचान होती है। राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक विकास से रोजगार का सृजन होता है और लोगों को रोजगार मिलता है। झारखंड एक खनिज प्रधान राज्य है और यहां उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। नयी सोच, नयी अवधारणाएं, नयी परिकल्पनाएं और नये प्रयोगों के साथ राज्य एवं देश को आगे बढ़ाने का कार्य युवाओं के कंधे पर हैं। आगे बढ़ने के लिए संघर्ष भी करना पड़े तो आत्मविश्वास के साथ संघर्ष करें। सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने इस परिप्रेक्ष्य में महान कलाकार रजनीकांत का भी उदाहरण दिया कि कैसे वे संघर्ष कर ऊंचाइयों के इस आयाम पर पहुंचे हैं।



बता दें कि इस एक्सपो में 305 स्टॉल लगाये गये हैं। यह रांची का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर एक्सपो होगा। इसमें पांच दिनों में करीब चार लाख लोगों के आने की संभावना है। मेले में अलग-अलग दिनों में अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उद्घाटन के बाद मिसेज एक्सपो रांची कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार 13 अक्टूबर को ट्रेजर हंट, एक्सपो सुपर तंबोला और डॉग शो, 14 अक्टूबर को हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, फैशन शो होंगे। 15 अक्टूबर को पेंटिंग कंपटीशन और फैंसी ड्रेस के अलावा डांस कंपटीशन भी होगा। इस दौरान जेसीआइ के प्रवीण अग्रवाल, प्रतीक जैन, सनी केडिया सहित अन्य भी उपस्थित थे।

एक्सपो उत्सव सिर्फ एक आयोजन ही नहीं, इससे नये उद्यमियों और युवकों को अपने कैरियर के बारे में प्रेरणा भी मिलती है। इस आयोजन से युवाओं में उत्साह बढ़ता है और उनमें नयी सोच भी आती है। लगभग पच्चीस वर्ष पहले शुरू हुए इस उत्सव ने तो अब महोत्सव का रूप धारण कर लिया है।

# सीएम आज पर्व त्योहार को लेकर करेंगे सुरक्षा की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 अक्टूबर को पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा के पहले डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पर्व त्योहारों को लेकर जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की थी। बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर डीजीपी ने जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गयी तैयारियों, शांति समिति, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ, शराब, भूमि विवाद से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की थी।

# कमलेश सिंह दल बदल मामले में स्पीकर कोर्ट में अधूरी रही सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पलामू के हुसैनाबाद विधानसभा के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह के दल बदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के ट्रिब्यूनल में सुनवाई चल रही है। गुरुवार को दिन के 12:30 बजे मामले की सुनवाई शुरू हुई। बहस में कमलेश सिंह और जितेंद्र आह्लाद के वकील ने हिस्सा लिया। दोनों तरफ से वकीलों ने दलील रखी। इसी दौरान कमलेश सिंह के वकील ने कुछ और तथ्यों को रखने के लिए समय मांगा। स्पीकर ने शाम 4:30 बजे फिर से मामले की सुनवाई का समय निर्धारित किया, लेकिन दोनों पक्षों के आग्रह पर शाम 4:30 बजे होनेवाली सुनवाई टाल दी गयी।

**मेरे ऊपर दलबदल मामला नहीं चल सकता: कमलेश**

गौरतलब है कि कमलेश सिंह को लेकर शरद पवार गुट और अजीत पवार गुट आमने-सामने है। शरद पवार गुट की ओर से प्रवक्ता सह राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र आह्लाद ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को पत्र भेज कर कमलेश सिंह पर दलबदल के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी। इसी शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष के ट्रिब्यूनल में सुनवाई चल रही है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी, गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष** — आत्मविश्वास बढ़ेगा, बुद्धि-विवेक का भरपूर सदुपयोग करें, सफलता लाभ अवश्य मिलेगा।

**मिथुन** — आजीविका के क्षेत्र में सफलता,राजनीतिक लाभ, धन लाभ होगा।

**कर्क** — सुख-सौहार्द्र की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन।

**सिंह** — सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** — विरोधियों से परेशानी हो सकता है, पारिवारिक दायित्व पूरे करने में आप समर्थ होंगे।

**तुला** — जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — संकल्पित कार्य पूरे होंगे, बकाये रकम की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — उत्साहित रहेंगे,अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** — सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, हर्षदायक समाचार मिलेंगे, छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** — समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# ब्यूरोक्रेसी में लग गया जंगः डॉ अरुण

## राज्य सरकार के इशारे पर काम कर रहे शीर्ष अधिकारी

- भ्रष्ट ब्यूरोक्रेट्स रूपी घोड़े को चरने की मिली है छूट
- इडी के आग्रह के बाद भी नहीं दर्ज हो रहा एफआइआर
- एक जिम्मेवार नागरिक के नाते मुख्य सचिव को लिखा पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्वैच्छिक सेवा निवृत्त आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ उरांव प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई वरीय पदाधिकारी आज भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इडी ने पर्याप्त प्रमाण और सबूतों के साथ सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि झारखंड को हमारे पुरखों ने खून पसीना से सींचा है। यह राज्य पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की देन है, लेकिन आज जिस प्रकार से वर्तमान राज्य सरकार ने इसे भ्रष्टाचार में आकंठ में डूबो दिया है, उससे चिंता होती है। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों की जिम्मेवारी राज्य को सजाने और संवारने की थी, वे आज लूट, भ्रष्टाचार में शामिल हो चुके हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि इन बातों से दुखी होकर मैंने राज्य के सबसे बड़े पदाधिकारी मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। कहा कि ब्यूरोक्रेसी राज्य की स्टील फ्रेम होती है, लेकिन आज उसमें ही जंग लग गया है। राज्य को दीमक की तरह ये ब्यूरोक्रेसी खाने में जुटी है। कहा कि राज्य के कई ऐसे शीर्ष पदाधिकारियों के नाम अखबारों में आये भी हैं। उन्होंने कहा कि करेक्ट एंड स्टिक की पॉलिसी अपनायी जानी चाहिए। जो ईमानदार हैं, काम करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और जो भ्रष्ट हैं, उन्हें उचित दंड भी मिलना चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि आरोपी अधियारियों के खिलाफ इडी ने परिश्रम कर के साक्ष्य इकट्ठे किये और राज्य सरकार को शेयर किया है, जैसा कि अपराध नियंत्रण की धारा 6(2) में निर्देश ईडी को प्राप्त है। जिस पर शीघ्र कारवाई की जिम्मेवारी सरकार की बनती है।

बावजूद इसके सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा, साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों और उनके मातहत लोगों का मन भी बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि आज राज्य में काम करनेवाले ईमानदार और विकास चाहनेवाले अधिकारी हाशिए पर हैं। राज्य सरकार को अलग-अलग विभागों में प्रभावी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होते देख अच्छे पदाधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये। कहा कि यह राज्य सरकार उसे तरजीह दे रही, जो पैसा इकट्ठा करने और ऊपर तक पहुंचाने में माहिर हैं। कहा कि यह राज्य के लिए बेहतर कदम नहीं है, इसीलिए पत्र लिख कर आग्रह किया है। सही मेसेज नीचे तक नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी ऐसा घोड़ा है, जो अपने सवार को तुरंत पहचान लेता है। अभी राज्य सरकार ने कुछ घोड़ों को चरने की छूट दे रखी है। जितना चर सकते हो, चरो और ऊपर तक पहुंचाओ। उन्होंने कहा कि पुलिस को उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह निर्देश प्राप्त है कि अपराध संज्ञान में आते ही मुकदमा दर्ज होने की पहली कार्रवाई तुरंत होनी चाहिए और जांच कर चार्जशीट। अगर आरोप झूठा निकले तो कैसे खत्म करें। कहा कि राज्य सरकार ने तो पहले चरण की शुरूआत ही नहीं कर रही। कहा कि इस पहले पड़ाव के नहीं पूरा करने से राज्य का हित प्रभावित हो रहा। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के क्षेत्र में डेंगू से हुई है सर्वाधिक मौतः बाबूलाल मरांडी

- घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान
- हेमंत सरकार की लापरवाही से लाखों गरीब पीएम आवास से चुके

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव



गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने मां बहनों को ध्यान में रख कर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया, जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों की भी बंदरबांट कर दी। उन्होंने कहा कि कोल्हान क्षेत्र में 74 हजार लाभुक हेमंत सरकार की लापरवाही से आवास योजना से वंचित रह गये, जबकि पूरे प्रदेश में लाखों लोग वंचित हुए हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के क्षेत्र में डेंगू से सर्वाधिक मौत हुई है। कोल्हान स्वास्थ्य मंत्री का क्षेत्र है, जहां डेंगू ने पांव पसार रखा है। ऐसे में झारखंड की स्थिति क्या होगी, समझा जा सकता है। मुख्यमंत्री के प्रमंडल दुमका की स्थिति भी बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीब पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते थे। मोदी जी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पांच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दी, जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घर घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे।


**पूर्व तट रेलवे**

e-Tender Notice No. ELS-ANGL-OT-23-24-03, Dtd. 09.10.2023

**कार्य का नाम:** 3 वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड, अनुगुल और भारतीय रेल की अन्य इकाइयों के बीच ट्रक/ट्रेलर के माध्यम से सडक मार्ग से रेलवे सामग्री का परिवहन।

**विज्ञापित मूल्य:** ₹56,86,950/-

EMD: ₹1,13,700/-

पूर्णता अवधि : 36 (छत्तीस) माह

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 01.11.2023 को 1500 बजे

निविदा दस्तावेज संबंधी पूर्ण विवरण http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)/ अनुगुल

PR-656/O/23-24



**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–43–23–24, **1. कार्य का नाम :** हजारीबाग रोड और केसवारी बी०एच स्टेशन के बीच पूर्व मध्य रेल जी.सी लाईन पर बगोदर से राजधनवार रोड पर एलसी नंबर 20/एसपीएल/टी के बदले कि०मी० 345/32–34 के बीच प्रस्तावित नये 2 लेन आरओबी का निर्माण कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु.) :** 73,66,30,033.75, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.):** 0.00, **अग्रधन राशि (रु.) :** 38,33,200.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह माह), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 30.10.2023 at 15:30 बजे अपराह्न

सी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलबध किये जाएंगे

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/01390/कॉन/इंजी०/टी/23–24/44



# कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा

## अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचनाः-09/2023-24

क) विभाग का नाम : नगर परिषद सिमडेगा
ख) कोटेशन प्राप्ति का स्थान : नगर परिषद सिमडेगा
ग) कोटेशन प्रपत्र की बिक्री का स्थान एवं तिथि : नगर परिषद सिमडेगा/13.10.2023 से 14.10.2023 तक
घ) कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक
ड) कोटेशन खोलने का स्थान एवं समय : नगर परिषद सिमडेगा/ 16.10.2023 अपराह्न 04:00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | कम्पनी का नाम/wt. | संभावित संख्या | कोटेशन प्रपत्र का मुल्य | गांरटी की अवधि | सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मरम्मती योग्य एलईडी स्ट्रीट लाईट ड्राईवर कीट की आपूर्ति (सेम्पल जमा करना अनिवार्य है) | सूर्या 60 wt. | 95 अदद | 1000 (एक हजार रूपये) | गांरटी की अवधि कोटेशन में दर्ज करना अनिवार्य है | 10000 (दस हजार रूपये) |
| | | सूर्या 90 wt. | 70 अदद | | | |
| | | सिस्का 45 wt. | 55 अदद | | | |
| | | हेबल्स 60 wt. | 40 अदद | | | |
| 02 | एलईडी बल्ब प्लेट | सूर्या 60 wt. | 95 अदद | | | |
| | | सूर्या 90 wt. | 70 अदद | | | |
| | | हेबल्स 60 wt. | 40 अदद | | | |
| | | सिस्का 45 wt. | 55 अदद | | | |
| 03 | PVC स्वीच बाक्स 16 AMP | साईज 4"X4'' | 140 सेट सेम्पल कार्यालय कार्य दिवस में देखा जा सकता है। | | | |
| 04 | बिजली कोपर तार (हेवल्स/एन्कर) | 1.5 mm | 23 बन्डल | | | |
| 05 | स्वीच (एन्कर/ग्रीस) | 16 Amp | 150 अदद | | | |
| 06 | फल्ड लाइट | 100 wt. | 16 अदद | | | |

**उपकरण/संयत्र आपूर्ति की शर्तें :**

1. कोटेशन का निष्पादन नगर परिषद सिमडेगा के क्रय समिति द्वारा किया जायेगा।
2. कोटेशनदाता को कोटेशन से संबंधित पूर्ण विवरण संलग्न करना तथा सामग्री का सैम्पल जमा करना अनिवार्य है।
3. कोटेशन दर में सभी टैक्स सन्निहित रहेगा। इसके लिये अलग से भुगतान नहीं होगा।
4. कोटेशन दर अंक और अक्षर में लिखना अनिवार्य होगा।
5. सुरक्षित जमा राशि मो. 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सिमडेगा के नाम पर जमा करना अनिवार्य है।
6. आपूर्तिकर्ता का भुगतान चेक/ड्राफ्ट/NEFT द्वारा नगर परिषद सिमडेगा को आपुरित सामग्री का विपत्र उपलब्ध कराने के पश्चात् नियमानुसार कटौती पश्चात् किया जायेगा। बैंक कमीशन आपूर्तिकर्ता को वहन करना होगा।
7. कोटेशन खुलने के कम से कम 6 माह तक दर लागू रहेगा तथा आदेश प्राप्ति के 2 दिन के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
8. सामग्री की आपूर्ति नगर परिषद सिमडेगा के भण्डारगृह तक पहुंचाने एवं रखने के क्रम में किसी भी उपकरण/सयंत्र में होने वाली क्षति की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी तथा उसे आपूर्तिकर्ता द्वारा बदला जायेगा। कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
9. सामग्री की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकता है।
10. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा एक से अधिक कोटेशनदाता के बीच बांटने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा।

ज्ञापांक 1542(ii) दिनांक 11.10.2023


# झारखंड करेगा एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की मेजबानी

- 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए देश के अंदर बेहतर कोचिंग दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। देश में पहली बार हॉकी इंडिया एवं राज्य सरकार द्वारा झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 के बीच किया जा रहा है। इसमें एशिया के छह देशों की टीमें भाग लेंगी। झारखंड की बेटियां भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। यह पहला मौका है, जब इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री खेल गांव स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**जोहार पोर्टल से करेंगे खिलाड़ियों की मददः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खेल विभाग ने जोहार खिलाड़ी पोर्टल की शुरुआत भी की है। यह पोर्टल देश का पहला ऐसा पोर्टल है, जहां खेल और खिलाड़ियों का डेटा एकत्रित कर उन्हें हर संभव मदद की जायेगी। इस पोर्टल में खिलाड़ी और प्रशिक्षकों का पूर्ण विवरण होगा।




**खेल विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा हैः हफीजुल**

इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य में नयी खेल नीति बनने के बाद पहली बार खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच सम्मान राशि का वितरण किया जा रहा है। 222 खिलाड़ी तथा 48 से अधिक प्रशिक्षकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के खिलाड़ियों को एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है। आनेवाले समय में भी खेल विभाग मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर कार्य योजना बनाते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव सहित कई पूर्व ओलंपियन खिलाड़ी, सम्मानित हुए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## डीइजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों का निस्तारण करने को लेकर बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डीइजीएस, पीजी पोर्टल, जीआरएस पोर्टल पर आवेदनों के निस्तारण करने को लेकर बैठक किया गया। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, अंचल कार्यालय कोडरमा, चंदवारा, जयनगर, डोमचांच नगर परिषद् झुमरी तिलैया नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच, जिला आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, रजिस्ट्री कार्यालय, श्रम, नियोजन कार्यालय, कृषि विभाग, बैंक, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, सतगावां, विद्युत विभाग, खनन विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य विभागों के पीजी पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदया ने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को पोर्टल पर लंबित आवेदनों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करेंगे। आवेदनों के निस्तारण को लेकर वरीय पदाधिकारी को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या का समाधान करेंगे। आमजन कार्यालय का चक्कर न काटें, इसके लिए समस्या का सुनते हुए उसका समाधान करेंगे। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली के डीलर से समन्वय स्थापित कर राशनकार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूक करने को कहा गया। साथ ही राशन वितरण को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, कार्यपालक दंडाधिकारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

## अवैध माइका खनन रोकने के लिए छापेमारी, जेसीबी जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के वन परिक्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कार्य जारी है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जेसीबी मशीन जब्त किया। रेंजर रविंद्र कुमार और डोमचांच पुलिस व ढाब पुलिस के द्वारा मसनोडोह के क्षेत्र जंगल में मेन पहाड़ी अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मेन पहाड़ी में छापेमारी कर अवैध खनन कार्य में लागे एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है, जबकि चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। जब्त वाहन को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है।

## जलापूर्ति ठप पर बिल की वसूली कर रहा विभाग: बसंत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने विगत 17 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने और इस महीने में सिर्फ एक दिन गंदे पानी की आपूर्ति पर नगर पंचायत के साथ ही कार्यपालक अभियंता, जल और स्वच्छता विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न खड़ा किया है। कोडरमा मुख्यालय में कयी महीनों से महीने में 2 से 4 दिन ही जलापूर्ति की जाती है और नगर पंचायत के प्रशासक पानी के बिल हेतु लोगों को डरा रहे हैं और इस विषय पर यहां के जनप्रतिनिधि के साथ ही पदाधिकारी भी चुप्पी साधे रहते हैं। दुर्भाग्य यह है कि यहां का कुआं और बोरिंग का पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है। यही कारण है कि यहां के निवासियों को जलापूर्ति पर पूर्णतया निर्भर रहना पड़ता है। एक तरफ सरकार द्वारा हर घर नल की बात की जाती है और इस पर करोड़ों खर्च किये जा रहे हैं पर यह सफेद हाथी बन गया है और सरकार के मुखिया भी अपनी उपलब्धियां गिना अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, पर धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता। जलापूर्ति की समस्या के पूर्ण समाधान हेतु स्थाई लोक अदालत में पीएलए नंबर 833/23 द्वारा केस दर्ज कर कार्यपालक अभियंता और प्रशासक नगर पंचायत को पार्टी बनाया है। बसंत ने नियमित जलापूर्ति हेतु जनहित में अविलंब निर्णय लेने की मांग की है।

## केटीपीएस बांझेडीह में यूनियन की समीक्षा बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा बांझेडीह और डीवीसी कामगार यूनियन की संयुक्त बैठक एडीएम बिल्डिंग के प्रांगण में किया गया। बैठक में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम की समीक्षा की गयी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ऐक्टू जिला संयोजक विजय पासवान ने कहा कि 26 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पावर प्लांट के सभी मजदूर साथियों को बहुत बहुत-बहुत बधाई। कार्यक्रम के बाद डीवीसी मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान के नही रहने के कारण वार्ता नही हो पायी। लेकिन उनके आने के बाद भी वार्ता के लिए पहल नहीं करना कहीं ना कहीं डीवीसी का मंशा सही नहीं है। बैठक में मजदूरों ने तय किया कि दुर्गा पूजा के बाद यूनियन की एक बड़ी बैठक करके एक बड़े आंदोलन की तैयारी करनी चाहिए। कार्यक्रम को यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। मौके पर राजकिशोर यादव, उदय भारती, दिलीप पासवान, इस्लाम अंसारी, रामचंद्र पासवान, भुवनेश्वर दास, सुरेंद्र प्रसाद पोद्दार, संजय चौधरी, जितेंद्र यादव, टिलकन यादव, मंटू यादव, कृष्ण कुमार राम, किशुन यादव, गंगाधर यादव, रंजीत यादव, निशांत यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कई घरों से हुई चोरी, घी और बकरा भी ले गये



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूनर्वास (ओरकोसा) व उससे सटे कर्बलानगर में चोरों ने एक साथ आधा दर्जन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना बुधवार देर रात्रि की है। चोरों ने नगदी व जेवरात समेत कई अन्य समानो की चोरी कर ली साथ ही एक घर ओरकोसा से बकरा भी चुरा कर ले गये। घटना की जानकारी गृहस्वामी को गुरुवार की सुबह जब वे लोग सो कर उठे तब हुई। घर के कमरों का ताला टूटा हुआ तथा सामान इधर उधर बिखरा हुआ पाया। उसके बाद चोरी की घटना की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना के एसआइ एसएन मिश्रा पुलिस बल के साथ उक्त गांव पंहुच चोरी के घटना की जानकारी ली। चोरों ने पूनर्वास निवासी मुरली प्रसाद वर्मा के घर के छत से होकर उसके कमरे में घूंसे व अलमारी का लॉक तोड़ उसमें रखे पैतीस हजार रुपये नगद के अलावे चांदी के कई जेवरात की भी चोरी कर ली। वहीं ओरकोसा निवासी लक्ष्मण राम के यहां से भी पांच हजार नगद रुपये व घर में रखा दो डब्बा घी की भी चोरी कर ली। साथ ही तुलसी महतो के गोहाल मे बंधा बकरा को भी चोर अपने साथ लेकर चलते बने। चोरों ने करबला नगर निवासी अरमान अंसारी के घर का भी ताला तोड़ सात हजार रुपये नगद समेत सोने चांदी के कई जेवरात व कई अन्य समानो की चोरी कर ली। सबउद्दीन अंसारी व शमसुल अंसारी के घर का भी ताला तोड़ नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात, कपड़े तथा अन्य सामानो की चोरी कर ली। चोरों ने कर्बला नगर निवासी इलियास मियां के घर पर भी चोरी का असफल प्रयास किया। गृहस्वामी के उठने की आहट पाकर चोर भागने में सफल रहे।

### जिला 20 सूत्री समिति की बैठक, कई विभागों की हुई समीक्षा

# सरकार की योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू हों: सत्यानंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सत्यानंद भोक्ता, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,झारखंड सरकार की अध्यक्षता में 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा अधिकारी विभागीय कार्यों और जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करें। अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर विभागीय कार्यों को अंजाम तक पहुंचाएं। योजना का लाभ समाज के निचले स्तर तक सही व पारदर्शी तरीके से पहुंचे यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता बनायें और समाज के निचले तबके तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। मौके पर सदस्यों के द्वारा कई निमार्ण कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत अध्यक्ष के समक्ष किया गया इस संदर्भ में अनुमण्डल पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच करने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना के तहत लाभूकों के द्वारा कराये गये कार्यों के लंबित भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। विभाग द्वारा आबंटित डीप बोरिंग एवं तालाब निर्माण के लाभूको की विधानसभा वार सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में योजनाओं के लाभूक वास्तव में पशुपालन कर रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए पशुपालन विभाग को मॉनिटरिंग करने और अन्य किसानों को अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। 20 सूत्री सदस्य के द्वारा पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा की जा रही जलापूर्ति की गुणवत्ता सही नही होने की शिकायत पर माननीय मंत्री द्वारा जल नल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के सक्त निर्देश दिये। विधायक मांडू जे.पी पटेल ने गिद्दी एवं चरही में भारी वाहनों द्वारा कोयले की ओवरलोडिंग किए जाने तथा सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं किये जाने सहित स्थानीय क्षेत्र से कोयला चोरी की घटनाओं की जानकारी दी, इसपर उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच करने की बात कही। मौके पर सदस्यों ने स्थानीय कई मामले उठाये गये जिसपर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, झारखंड समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, मांडू विधायक जेपी पटेल, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विधा भूषण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी सहित सभी जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जैन धर्मशाला में डांडिया नाइट का आयोजन 18 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से आगामी 18 अक्टूबर को हजारीबाग के जैन धर्मशाला में शाम 5 बजे से रात 10 तक डांडिया नाइट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कोलकाता का मशहूर डीजे बीट्स डीजेबानी की धुन पर डांडिया नाइट का नजारा अद्भुत होगा। उक्त जानकारी जैन पेट्रोल पंप के समीप स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट सभागार में गुरुवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सम्मेलन की अध्यक्षता श्वेता शेट्टी ने दी। उन्होंने बताया कि इस डांडिया नाइट में बूढ़े-बच्चे हर उम्र के लोग शामिल हो सकते हैं। पूरा परिवार इस डांडिया नाइट का लुत्फ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि इस डांडिया नाइट के मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल होंगे। ॐ मंत्र उच्चारण और मारवाड़ी महिला सम्मेलन के स्लोगन के साथ शुरू हुए इस प्रेस वार्ता में सम्मेलन की सचिव अंतिमा जैन ने बताया कि डांडिया नाइट में प्रवेश टिकट के माध्यम से कराया जायेगा। प्रति व्यक्ति टिकट मूल्य 150 रु रखा गया है। वहीं पांच वर्ष या इससे कम उम्र के बच्चों का प्रवेश निः शुल्क होगा। उन्होंने कहा कि डांडिया नाइट का हिस्सा बनने वालों के लिए कई आकर्षक उपहार की भी व्यवस्था की गयी है। बेस्ट सोलो, बेस्ट पेयर, बेस्ट ग्रुप डांस के लिए डांडिया नाइट में शामिल लोगों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही लक्की ड्रा और सरप्राइज गिफ्ट भी व्यवस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से कार्यक्रम में शामिल लोगों के लिए किया गया है।

प्रेस वार्ता में सम्मेलन की अध्यक्षता श्वेता शेट्टी, मुख्य सचिव अंतिमा जैन के अलावा संयुक्त सचिव प्रीति जैन, कन्वेनर पूजा जैन, मंजू छाबड़ा, अंजू तांबी, कुसुम, नीलु छाबड़ा, संगीता छाबड़ा, अनु तोंग्या, निधि जैन, पूजा मुनका, शशि मुनका समेत अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## अडाणी फॉउंडेशन ने किया पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता

**पुरस्कृत हुए विजेता प्रतिभागी, शिक्षकों ने बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्त्व**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने विश्व वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हरली स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। दो से आठ अक्टूबर तक इस वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके तहत जंगल, अभ्यारण और पर्यावरण बचाने को लेकर विभिन्न माध्यमों से आम जनता को जागरूक करने की कोशिश की गयी। इस अवसर पर वन्यप्राणी सप्ताह के बाद विद्यालय परिसर और अडाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन पोस्टरों में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर पेंटिंग्स और पोस्टर्स बनाये। इस प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार को प्रथम, काजल कुमारी को द्वितीय और खुशबू कुमारी को तृतीय स्थान मिला। सभी विजेताओं को स्कूल के शिक्षकों ने मेडल, डायरी और पेन देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि इस वर्ष विश्व वन्यप्राणी सप्ताह का थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी है जो यह बताता है कि साझेदारी यात्रा और सहकारी प्रयासों का महत्व जानवरों के संरक्षण और उनके आवास के संरक्षण के लिए सुनिश्चित करने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने पिछले जून में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पौधारोपण समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया था। आने वाले समय में नवंबर महीने में विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस, दिसंबर में विश्व मृदा दिवस और अगले वर्ष मार्च महीने में विश्व जल और स्वच्छता दिवस मनाया जायेगा। इन सभी अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर डीसी ने की बैठक

# उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आगामी त्योहारों को लेकर जिले के एसपी, एसडीएम, वरीय पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर उपायुक्त ने जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गयी तैयारियों, शांति समिति, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ, शराब से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, साफ-सफाई और सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गयी। उपायुक्त ने जिले में लाइसेंसी और गैरलाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली। साथ ही संवेदनशील स्थानों को जानकारी लेते हुए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने को कहा गया। किसी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की सूचना तत्काल पदाधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अन्य सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पूजा के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण करेंगे। आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने का निर्देश नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच को दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने, साथ ही त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिले में नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति करने और प्रत्येक घटित घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, कार्यपालक दंडाधिकारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

## साइबर ठगों ने बनाया हजारीबाग एसपी का फेक फेसबुक अकाउंट

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** साइबर ठगों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है की अब आम जनों को ठगने के लिए हजारीबाग एसपी चौथे मनोज रतन का ही फेसबुक पर फेक आइडी बना दिया। एसपी चौथे मनोज रतन ने अपने फेस बुक पर ठग द्वारा बनाये गये फेक अकाउंट को शेयर कर जानकारी दी है। आम जनों से झांसे में न आने का निवेदन भी किया है। फेक आई में साइबर ठग द्वारा लिखा गया है की संतोष कुमार जो सिआरपीएफ में अधिकारी हैं। उनका ट्रांसफर कही ओर हो चुका है। वह अपने घर के समान, फर्नीचर आदि बेचना चाहते हैं। सभी समान अच्छा है और सस्ता है। आप इसे ले सकते हो सभी समान अच्छे हैं। एसपी ने ठग के झांसे में आने से मना करते हुए कहा है की ठग के जाल में फंस कर पैसे न दें। साथ ही रिपोर्ट करते हुए फेक अकाउंट को ब्लॉक करने को भी कहा है।

## बच्चों के बीच स्कूली बैग का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय अमनारी के 240 स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय, प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि, अध्यक्ष धानेश्वर पासवन के हाथों किया गया। मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा कि समय के साथ बच्चों को मिलने वाली सारी सुविधायें उपलब्ध कराया जा रहा है। पढ़ाई में मन लगाकर ध्यान देने की जरूरत है। विद्यालयों में गुणवता पुर्ण शिक्षा मिले यही प्रयास है बच्चे को शिक्षको के साथ अभिभावक मार्गदर्शन बहुत ही जरूरी है प्रत्येक दिन विद्यालय बच्चो को भेजे, अपना बैग में कोपी, किताब, पेंसिल समेत पढ़ाई का सामाग्री लाना नहीं भूलेंगे। मौके पर शिक्षक उमेश दीन, बलराम प्रसाद, प्रवीण कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## महुदी में सामाजिक उप समिति दीदी दिव्यांग, भैया का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** महूदी आजीविका महिला ग्राम संगठन महुदी की बैठक महुदी स्कूल के स्थित चबूतरा में किया गया। जिसका अध्यक्षता दिव्यांग संगठन ट्रस्ट प्रखंड लोकनाथ राणा ने किया। बैठक मे सामाजिक उप समिति दीदी दिव्यांग भैया की पांच सदस्यीय टीम का चयन किया गया। जिसमें लोकनाथ राणा, राधिका कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी, रजनी कुमारी का नाम शामिल है। जेएसएलपीएस के सी आर पी संगीता कुमारी के उपस्थिति में चुनाव संपन्न हूआ। बैठक में कांति देवी, चंपा देवी, किरण देवी, पिंकी रानी, पूनम देवी, हसीन खातून, उमरा खातून, सीता देवी, संगीता देवी आदि उपस्थित थे।

## नव पदस्थापित बीडीओ ने पदभार संभाला



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को नव पदस्थापित बीडीओ नम्रता जोशी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ कृतिबाला लकड़ा ने अपना पदभार सौंपा। इस मौके पर बिइओ अशोक ठाकुर, बीपीओ श्याम नाथ वर्मा, प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी, प्रखंड नाजिर फणीभूषन प्रसाद, प्रखंड समन्वयक पीएमए वाइ अजय जायसवाल, बीएफटी दिलीप दास, गुलजार अली, त्रिवेणी प्रसाद, अरुण कुमार, महेंद्र टुड्डू समेत सभी प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## चेपा कला में झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चेपाकला में झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य नकुल महतो ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। सक्रिय सदस्य नकुल महतो ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पंचायत स्तर पर गांव गांव में बैठक की जा रही है। मौके पर राजकिशोर कुमार महतो, मोहम्मद इब्राहिम, मिथिलेश कुमार, अशोक कुमार, प्रमोद प्रधान, सुनीता साहू, पवन तुरी, कमल ठाकुर, निर्मल महतो, रंजीत महतो, महाबीर महतो, कुर्व कुमार, महेश साव, राम प्रकाश साव, अर्जुन साव, रामचंद्र महतो, दीपक पटेल, अनिल ठाकुर, सुदीप कुमार, मुकेश, बुधन भुईया, नतन नायक, अर्जुन महतो, सुनीता कुमारी, गीता कुमारी, कुंदन कुमार, गोपाल साव, विजय घासी, बलेश्व साव, होरील साव, प्रभु ठाकुर, मो इश्रेयल, तारक साव के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## जगदीश सलूजा 8 वीं बार बने कोडरमा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा बार एसोसिएशन के 7 पदाधिकारी व 9 कार्यकारिणी सदस्यों समेत कुल 16 पदों के लिए मतदान गुरुवार को संपन्न हो गया। दो वर्षों के लिए हुए चुनाव में बार एसो. के निवर्तमान अध्यक्ष जगदीश सलूजा 8वीं बार भी बड़े मतों के अंतर से जीत दर्ज कर पुन: अध्यक्ष बने। वहीं उपाध्यक्ष के पद पर धीरज कुमार जोशी, महासचिव मनीष कुमार सिंह, सह सचिव (प्रशासन) अरुण कुमार मिश्र, सह सचिव (पुस्तकालय) अरूण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मोतीलाल शर्मा और सह कोषाध्यक्ष जयगोपाल शर्मा चुने गये। वहीं 9 कार्यकारिणी सदस्यों में आमीर निजामी, अनिल कुमार गुरु, चंदन कुमार पांडेय, गोरखनाथ सिंह, मुमताज अंसारी, राजेश कुमार यादव, रीना कुमारी, सन्नी कुमार व विवेकानंद पांडेय चुने गए। इससे पूर्व सुबह से ही वोट को लेकर कोडरमा बार एसोसिएशन में गहमा-गहमी रही। अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ वोट डाले। बार एसोसिएशन के हॉल संख्या में एक में एक-एक कर अधिवक्ता अपना मत डालते रहे। मतदान की प्रक्रिया दिन के तीन बजे तक चली। चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव पदाधिकारी प्रकाश राम, सहायक चुनाव पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा और तरुण लाल धर्मचन्द मौनका बनाये गये थे। इन्होंने सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराया। 4 बजे से मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम की घोषणा हुई। चुनाव में कोडरमा बार एसोसिएशन के 250 से अधिक अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। वहीं एसोसिएशन के चुनाव व इसके परिणाम को लेकर कोडरमा जिला बार के अधिवक्ताओं के अलावा कोडरमा न्याय मंडल के न्यायिक पदाधिकारियों में भी उत्सुकता बनी रही। इधर अध्यक्ष जगदीश सलूजा और महासचिव मनीष कुमार सिंह ने अपनी जीत पर अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए संघ के विकास के लिए और अधिक कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते हैं उपभोक्ता

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि उपभोक्ता सरकार के द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए 18 अक्टूबर को 10:30 बजे से बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो के समीप शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी खाता धारक का कोई ऋण अधूरा है या फिर वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ चुका है। या किसी कारण वश ऋण नही चुका पाये है तो एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते है। एक समय सीमा के अंदर किस्तों में ऋण चुकाने का मौका दिया जायेगा। एन पी ए ऋण खाता धारी 18 अक्टूबर को शाखा में उपस्थित होकर अपना एनपीए ऋण चुकाकर मुक्ति पा सकते हैं।

## दारोगा की पुत्री ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा में शहर की छठ तालाब निवासी एक युवती ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवती खुशबू कुमारी (23) अशोक पांडेय की पुत्री थी। घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी गयी। महिला थाना प्रभारी गायत्री कुमारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंचे। फांसी के फंदे से शव को उतारा। साथ ही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवती हर रोज की तरह दोपहर में कमरा बंद कर सो रही थी। शाम में वह नहीं उठी, तो मां अपनी पुत्री को उठाने गयीं। दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी, काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर दरवाजा तोड़ कर देखा तो खुशबू फांसी के फंदे में झूलती मिली। इसकी जानकारी आसपास के लोगों और पुलिस को दी गयी। लोगों ने बताया कि कुछ बात को लेकर गुस्सा में आकर आत्महत्या कर ली है।

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा दामोदर-भैरवी नदी के तट पर होगा भव्य कार्यक्रम

# नवरात्र में पहली बार होगा गंगा आरती का आयोजन

- नवरात्र को लेकर तैयारी में जुटे कलकता के कारीगर
- मां दक्षिणेश्वरी काली का दिखेगा प्रारूप, भक्तों के सुरक्षा का रहेगा विशेष ख़्याल
- बहुत जल्द जिले के एसपी-डीसी करेंगे मंदिर न्यास समिति के साथ बैठक

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नवरात्र को लेकर रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। खासकर इस बार कुछ अलग होगा। क्योंकि रजरप्पा दामोदर-भैरवी नदी के तट पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जो हर वर्ष से अलग होगा। इसके लिए मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन अलग तैयारी कर रही है। जो पूरे नवरात्र में देखने को मिलेगा।

**जिला प्रशासन और न्यास समिति की बैठकें जारी है: लोकेश पंडा:** इस संबंध में मंदिर वरिष्ठ पुजारी लोकेश पंडा ने बताया कि नवरात्र को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन और न्यास समिति की बैठक लगातार हो रही है।

जल्द ही जिले के डीसी और एसपी के साथ भी बैठक होगी। उन्होंने बताया कि इस बार नवरात्र में गंगा आरती आकर्षक का केन्द्र रहेगा। क्योंकि नवरात्र के सभी दिन नौ दिन दामोदर-भैरवी नदी के तट पर गंगा आरती होगा।



### रजरप्पा में इतिहास के पन्नों में एक नया अध्याय जुड़ेगा

इस बार रजरप्पा में इतिहास के पन्नों में एक नया अध्याय जुड़ जायेगा। क्योंकि पहली बार रजरप्पा के इतिहास में पूरे नवरात्र यानी नौ दिन दामोदर-भैरवी नदी के तट पर गंगा आरती होगा। इसकी तैयारी जोरशोर से चल रहा है। गंगा आरती को लेकर नदी के आसपास बेहतर ढंग से विद्युत सजा भी किया जायेगा। जिससे पूरा इलाका आकर्षक दिखेगा। भक्तों को एक बार फिर पूरे नवरात्र में बनारस के तर्ज पर गंगा आरती देखने को मिलेगा।

### मंदिर को सजाने के लिए जुटे हैं कोलकाता के कारीगर

नवरात्र को लेकर बड़ी तैयारी की जा रही है। जिसके लिये कलकता से आये कारीगरों के 40 सदस्यों की टीम माता की मंदिर को विशेष रूप देने के लिए दिन रात जुटे है। इस बार मंदिर में कलकता के दक्षिणेश्वर काली मंदिर का प्रारूप दिखेगा। जो भव्य और आकर्षक होगा।

### थाइलैंड के फूल एंथीनेयम से सजेगा दरबार

शारदीय नवरात्र में मां छिन्नमस्तिका मंदिर में माता का दरबार थाइलैंड के फूल एंथीनेयम से सजेगा। इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों के कई फूल सजावट में लगाये जायेंगे। मंदिर के सजावट में 51 प्रकार के फूलों का प्रयोग किया जायेगा।

### सुरक्षा व्यवस्था का रहेगा विशेष ख्याल

नवरात्र को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस रणनीति बना ली है। भक्तों को माता के दर्शन के लिए कोई असुविधा नहीं होगी। इसके प्रशासन तैयार है। साथ ही पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरे में कैद होगा। जो हर गतिविधि पर नजर रखेगा।

## पीवीयूएनएल ने उदयपुर में एपेक्स इंडिया का एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार जीता




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** उदयपुर में आयोजित सम्मेलन में पीवीयूएनएल ने एपेक्स इंडिया का एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। वहीं सम्मेलन में पीवीयूएनएल को यह पुरस्कार सांसद मनोज तिवारी सह प्रसिद्ध गायक और अभिनेता और डॉ अवनीश सिंह, महानिदेशक (सेवानिवृत्त) डीजीएफएएसएलआइ, श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से दिया गया है। जबकि यह पुरस्कार उदयपुर में सम्मेलन में पुरषोतम लाल, डीजीएम (एचआर) की ओर से प्राप्त किया गया।

## रेलवे यूनियन के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडे, सहायक महामंत्री ओम प्रकाश के देख रेख में में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे लगभग 50 रेलकर्मियों को ट्रेड यूनियन की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक एसएसडी मिश्रा और महिला प्रशिक्षक मृदुला कुमारी ने यूनियन के सदस्यों प्रशिक्षित किया। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड यूनियन की संरचना, ट्रेड यूनियन की आवश्यकता, ट्रेड यूनियन की गतिविधियां के बारे में जानकारी दी। सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने पूर्व मध्य रेल में इसीआरकेयू का महत्व और संगठन के द्वारा रेल कर्मियों के हित में किया जा रहे अनेको कार्यों के विषय में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में पतरातू शाखा 1 के सचिव आर एन चौधरी सहित यूनियन के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी। इस मौके डाल्टनगंज के सचिव सुनील कुमार सिंह, शाखा सचिव, बरकाकाना एमपी महतो, पतरातू 2 के शाखा सचिव अजीत कुमार, लालबाबू महतो, प्रेमराज पटेल, संजय उरांव, रमेश महतो, मिथिलेश पांडे, आरके सिंह, आरके चौबे, विकास कुमार राम आदि शामिल थे।

## कान्हाचट्टी के बिरसु बने परमाणु ऊर्जा संस्थान में सहायक अभियंता



**चतरा (आजाद सिपाही)।** कान्हाचट्टी प्रखंड के सिमराडीह गांव निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र बिरसु कुमार सिंह का चयन भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा संस्थान में सहायक अभियंता के रूप में हुआ है। उनके इस कामयाबी पर जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना कर कहा है कि कड़ी मेहनत व सच्ची लगन के बलबूते पर ही बिरसु ने जीवन के लक्ष्य को हासिल किया। बिरसु के चयन से माता-पिता के साथ-साथ गांव के लोग भी काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा प्रखंड के स्कूल में पूरी की। इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज से डिप्लोमा व बीटेक किया। बिरसु का चयन सहायक अभियंता के रूप में हुआ। साथ ही टाटा कंपनी में भी सहायक अभियंता के रूप में चयन हुआ है। एक साथ दो संस्थाओं में सफलता हाथ लगी है परंतु बिरसु परमाणु ऊर्जा संस्थान में अपना योगदान देने की बात कही है।

# बिना छात्राओं के कागज पर चल रहा है जीरामनी नर्सिंग स्कूल

### सीएस के हर बार निरीक्षण के दौरान बंद मिला नर्सिंग स्कूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद द्वारा प्रखंड के कौलेश्वरी मार्ग स्थित बहेरी गांव में संचालित जीरामनी लोकहित ट्रस्ट माड़नपुर अक्षयवट गया द्वारा संचालित जीरामनी नर्सिंग स्कूल और जीरामनी जगदीश इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नर्सिंग स्कूल बंद पाया गया। सिविल सर्जन द्वारा इस संस्थान का दूसरी बार निरीक्षण किया गया। जिसमें संस्थान दूसरी बार भी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान ना कोई शिक्षक था, ना ही कोई डॉक्टर। नर्सिंग और फार्मेसी के स्टूडेंट, एएनएम, जीएनएम तथा डी फार्मा के एक भी स्टूडेंट मौजूद नहीं थे। कॉलेज की यह स्थिति देख सीएस जगदीश प्रसाद ने नाराजगी प्रकट किया और जांच कर कार्रवाई करने की बात कहा। संस्थान के फाउंडर मेंबर डॉ सियाराम त्रिपाठी अवैध तरीके से संचालित इस संस्थान के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर आंदोलन चला रहे हैं। इनका आरोप है कि गलत ढंग से इस संस्थान का संचालन किया जा रहा है। यह संस्थान पूरी तरह से कागज पर चल रहा है। जहां ना तो क्लास होता है ना ही कोई शिक्षक और न स्टूडेंट रहते हैं। यहां पैसे का खेल चल रहा है। अवैध रूप से डिग्री पैसे के बल पर दिया जा रहा है। संस्थान में ऐसे स्टूडेंट हैं जो आज तक संस्थान में अपना कदम तक नहीं रखे हैं। डॉ सियाराम त्रिपाठी संस्था के वर्तमान संचालक के विरुद्ध कई आरोप पत्र भी विभिन्न विभागों में दिया है। मालूम हो कि यह कॉलेज सिर्फ रात्रि प्रहरी और मुंशी के भरोसे चलता है। यहां किसी प्रकार का कोई क्लास संचालित नहीं होता है। वर्तमान और पूर्व सीएस द्वारा कई बार कॉलेज का निरीक्षण किया गया लेकिन निरीक्षण में हर बार संस्था बंद मिला। जिससे साफ जाहिर होता है कि यह संस्था सिर्फ कागज पर ही संचालित हो रहा है।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में गुरूवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में पंचायत स्तरीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं की जांच और दवा और विटामिन का नि: शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि इस तरह के शिविर का आयोजन होने से पशुपलकों को बहुत लाभ मिलता है। मवेशियों व जानवरों की स्वास्थ्य की नियमित जांच कर टीकाकरण और उपचार किया जाता है। जिससे जानवरों को पालने में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत में पशुपालन एक अच्छा रोजगार के रूप में उभरा है। दर्जनों परिवार गाय, भैस, बकरी, सुकर, मुर्गी आदि का पालन कर अपना जीविका पार्जन कर रहे हैं। शिविर को सफल बनाने में पशु चिकित्सक डॉ पंकज कुमार, अनिल तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## एकल भुरकुंडा संच की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को एकल भुरकुंडा संच की भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संच के संरक्षक योगेश दांगी ने की। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ अंचल के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर व कोषाध्यक्ष जेपी अग्रवाल मौजूद थे। बताया गया कि भदानीनगर के आइएजी फुटबॉल ग्राउंड में आगामी 28 अक्टूबर को एक दिवसीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भुरकुंडा संच के 30 एकल विद्यालय व आसपास के 10-16 आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 100, 200 व 400 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी आदि खेल आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में संच व जिला के लोग अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बताया गया कि की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में विजय कुमार, शांति देवी, नंदकिशोर महतो, खिलेंद्र महतो, राजेश सोनी आदि मौजूद थे।

## युवती के शव को आरोपी के घर के सामने रख कर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुट्टीकेवाल गांव निवासी प्रमोद भारती की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी की मौत के पश्चात शव का पोस्टमार्टम होने के बाद हंटरगंज आते ही परिजनों ने अपना आपा खो दिया। ग्रामीणों के साथ परिजनों ने हंटरगंज-चतरा मुख्य मार्ग स्थित मुख्य बाजार व्यवसायी टुनटुन गुप्ता के घर के पास उसके शव को रखकर सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। परिजनो ने बलात्कार कर हत्या करने का आरोप लगा रहें थें। परिजन इतने आक्रोशित थे कि आरोपी के घर पर पथराव करने लगे। इसके बाद पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग कर सड़क जाम को हटवाया। परिजन मृतक युवती के आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी सनोज चौधरी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि आरोपी को अविलंब गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इसके बाद जाम को हटाया गया। वहीं मृतका के पिता प्रमोद भारती ने हंटरगंज थाना में कपड़ा व्यवसायी टुनटुन प्रसाद गुप्ता, उसकी पत्नी और भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

## चुटूपालू घाटी में सड़क हादसा, एक की मौत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार की देर सड़क हादसे में एक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रांची से हजारीबाग जा रही आयशर 1080 ट्रक संख्या जेएच 02वाई 5707 तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित वाहन ने गाड़ी के आगे आगे जा रही ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में खलासी केबिन में बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। मृतक की पहचान कटकमसांडी हजारीबाग निवासी 44 वर्षीय दिनेश यादव के रूप में की गयी है। इस संबंध में मृतक के भाई अर्जुन यादव ने गाड़ी चालक पर कार्रवाई की मांग की है।

# विहिप ने हजारीबाग एसपी का फूंका पुतला

- महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दुगार्वाहिनी और मातृशक्ति करेगी शस्त्र पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी पेलावल में महिलाओं से भरी बस पर एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा किए गये जानलेवा हमले का विरोध विश्व हिंदू परिषद राज्य स्तर पर कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रामगढ़ में भी विहिप और बजरंग दल की दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति संगठन के द्वारा हजारीबाग एसपी का पुतला फूंका गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने कहा कि राज्य में जय श्री राम और जय बजरंगबली के नारे को भी पुलिस प्रशासन आपत्तिजनक करार दे रहा है। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है। जिस दिन रात के अंधेरे में विशेष समुदाय के द्वारा धर्मस्थल से लौट रही महिलाओं से भरी बस पर हमला किया गया था, उस वक्त महिलाओं ने वह नारे लगाये भी नहीं थे। लेकिन प्रशासन इसकी लीपा पोती करने में लगा है।

**महिलाओं को सशक्त करने के लिए की जाएगी शस्त्र पूजा:** प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ने बताया अब समय आ गया है कि हिंदू संगठन खुद आगे जाकर महिलाओं को सशक्त करें। विश्वहिंदू परिषद्, बजरंगदल के दुगार्वाहिनी और मातृशक्ति की पदाधिकारियों की अहम बैठक होटल लॉ मैरिटल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं विषय प्रवेश वीएचपी के जिला मंत्री छोटू वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में प्रखंड और जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा। 15 अक्तूबर से विश्वहिंदू परिषद् द्वारा देश और समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु शास्त्रपुजन किया जायेगा। जिसका नेतृत्व शस्त्र के साथ मातृशक्ति एवं दुगार्वाहिनी की बहनें करेंगी। नवरात्र संपन्न होने के बाद दुगार्वाहिनी और मातृशक्ति के तत्वधान में विशाल पथ संचलन पर भी सहमति बनी। साथ ही सभी प्रखंड स्थित मंदिरों में शस्त्रपूजन के साथ बौद्धिक का दिन और समय उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा तय किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, जिलाध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी, जिला सह मंत्री तरुण वर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, मातृशक्ति संयोजिका अर्चना महतो, सह संयोजिका सह शिक्षिका सिंधु झा, सत्संग प्रमुख यशोदा वर्मा, दिलीप कुमार पासवान, सुरक्षा प्रमुख कन्हैया रविदास, सुभाष नायक, सूरज नायक, अभय वर्मा, रविशेखर सिंह, पब्बी बजरंगी, संतोष सिंह, सरोज पासवान, विकास यादव, आलोक अग्रवाल, विकास गुप्ता, जयकिशन, दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, धीरज साहू इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विनायका डेंटल क्लिनिक में दो दिवसीय नि: शुल्क दंत जांच शिविर आज से शुरू

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित एयर टेल टावर के समीप विनायक डेंटल क्लिनिक में दो दिवसीय दंत जांच शिविर शुकवार 13 अक्टूबर से लगाया जायेगा शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक चलेगा। शिविर में अनुभवी चिकित्सक डॉ. अमरजीत कुमार ओरल और डेंटल सर्जन इंप्लांटोलॉजिस्ट, हजारीबाग की डॉ. सुभांगी कुमारी एमडीएस, डॉ सरिता कुमारी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी, पटना के डॉ. विकाश कुमार बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी और डॉ. नीतीश कुमार के द्वारा मरीजों के दांतों का नि :शुल्क इलाज किया जायेगा। साथ ही डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श भी दिया जायेगा।

## स्कूली वैन और बाइक की टक्कर में दो भइयो की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो एनएच 23 मगनपुर चौक के समीप गुरुवार दोपहर को स्कूली वैन और बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। जिससे बाइक में दो सगे भइयो की घटना स्थल में ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों की पहचान गोला थाना क्षेत्र के मुरु डीह गांव निवासी सुधीर महतो 30 व छुद्दू महतो 28 वर्ष पिता भुटका महतो के रूप में हुई। वहीं स्कूली वैन चालक चोका द गांव निवासी रामू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। इसके अलावे स्कूली वैन में बैठे संध्या कुमारी, सालनी कुमारी सहित आधा दर्जन बच्चे घायल हो गये। बताया जाता है कि छुद्दू बाबू महतो अपने बड़े भाई सुधीर महतो को पेटरवार के सदमा गांव से बाइक से वापस घर ला रहा था। इसी बीच उक्त स्थल पर ट्रेलर को ओवरटेक करने के क्रम में स्कूली वैन से बाइक की भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों भइयो की मौत घटना स्थल में हो गयी। सूचना पर पुलिस घटना पर पहुंची। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर लिया। घटना की सूचना पर मुरुडीह गांव में मातम है। एक साथ दोनों भइयो की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक सुधीर का एक मासूम बच्चा है। बताया गया कि धमनाटांड़ स्थित चेतन्या पब्लिक स्कूल से बच्चों को छुट्टी के बाद वापस घर ले जाया जा रहा था। इसी बीच यह घटना घटी। इससे पूर्व भी इसी स्कूल के एक स्कूली वैन मुरपा कस्तूरबा स्कूल के समीप पलट गया था। जिससे कई छात्र छात्राएं घायल हो गये थे।

## तोपा में दुर्गा पूजा आयोजन समिति की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** तोपा में श्री श्री दुर्गा पूजा आयोजन समिति ने मंडप परिसर में बैठक की। बैठक का संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में पूजा, मूर्ति विसर्जन व रावण दहन कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा हुई। साथ ही, पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने, पूजन कार्य ससमय पूरा करने, पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले डांडिया में भक्ति गीत बजाने का निर्णय लिया। बैठक में सचिव अशोक सिंह, रामभजन लाल महतो, सहदेव मांझी, गणेश सिंह, अरशद अंसारी, ओमप्रकाश अग्रवाल, अरविंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार राम, मंगू मांझी, अशोक महतो, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, किशोर करमाली, रामेश्वर महतो, जलेश करमाली, मन्नू रविदास, अभिषेक पासवान, शुभम सिंह, दूबराज महतो, तेजलाल महतो, पूरन गंझू मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, डीसी और एसपी ने दिये निर्देश

# सड़क से हट कर बनेंगे पूजा पंडाल, सीसीटीवी से होगी निगरानी: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कर कई निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीसी ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डीसी ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने के लिए पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने और अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने के लिए सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश और निकासी के लिए महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ अथवा अश्लील गाने न बजाने के लिए शख्त निर्देश दिए।

**त्यौहार में नहीं बजाए आपत्तिजनक गाने :** बैठक के दौरान एसडीओ मो जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशा-निदेर्शों को पहुंचाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। उन्होंने विसर्जन विजया दशमी के दिन दिये गये समय पर ही करने का निर्देश दिया।

### पंडालों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी निगाह

बैठक के दौरान एसपी पीयूष पांडे ने पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। मौके पर एमपी ने शांति समिति के सभी सदस्यों और विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने और तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने और किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने और आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी।

# इंसाफ में अड़चन

सुप्रीम कोर्ट में आया 26 सप्ताह की प्रेग्नेंसी का एक मामला न केवल अपने नेचर की वजह से, बल्कि इससे निपटने के तरीकों के कारण ऐसे हालात में पहुंच गया, जिसे इंसाफ के लिहाज से अच्छी स्थिति तो कतई नहीं कहा जा सकता। इस मामले में प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन के लिए कानूनन तय 24 हफ्ते की सीमा पहले ही गुजर चुकी थी, लेकिन पिटिशनर की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक स्थितियां इस केस को महत्वपूर्ण बना रही थीं। एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की रिपोर्ट की रोशनी में पिटिशनर के हालात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने नौ अक्टूबर को दिये फैसले में अबॉर्शन की इजाजत दे दी। चौंकाने वाला घटनाक्रम अगले दिन यानी 10 अक्टूबर का रहा, जब एम्स के डॉक्टरों की उसी समिति की रिपोर्ट के हवाले से केंद्र सरकार चीफ जस्टिस के पास यह अर्जी लेकर पहुंच गयी कि इस केस में भ्रूण के जीवित रहने की संभावना है और इसलिए पिटिशनर को अबॉर्शन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। सीजेआइ ने आदेश के अमल पर तात्कालिक रोक लगाते हुए मामले को उन्हीं जजों की बेंच के पास भेज दिया। अगले दिन जब मामला उस बेंच के सामने आया, तो कई बड़े वाजिब और गंभीर सवाल उठे। एक तो यह कि एम्स की जो एक्सपर्ट कमेटी इस मामले को देख रही थी, उसने अपनी पहली रिपोर्ट में यह बात क्यों नहीं कही कि भ्रूण के जिंदा रहने की संभावना है। दूसरा सवाल सुप्रीम कोर्ट में कामकाज के ढंग से जुड़ा था। पूछा गया कि केंद्र सरकार सर्वोच्च अदालत की एक बेंच के फैसले के खिलाफ मौखिक रूप से कैसे सीजेआइ के पास जा सकती है। बेंच ने इस पर ठीक ही केंद्र को कड़ी फटकार लगायी और कहा कि यह गलत परिपाटी चल गयी, तो पूरी न्यायिक व्यवस्था गड़बड़ा जायेगी। मगर इन अहम तकनीकी सवालों के बीच इस प्रकरण का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी के साथ इंसाफ मांगने आयी वह महिला अभी भी न्याय का इंतजार ही कर रही है। एम्स की विशेषज्ञ समिति की नयी रिपोर्ट के मद्देनजर दो सदस्यों वाली बेंच की राय बंट गयी है। अब मामला फिर से सीजेआइ के पास जायेगा और वह नयी बेंच गठित करेंगे, जो इस मामले पर सुनवाई करेगी। बहरहाल, यहां मिलते-जुलते से एक मामले का जिक्र किया जा सकता है, जिस पर इसी साल अगस्त महीने में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। 27 हफ्ते के गर्भ से जुड़े उस मामले में रेप विक्टिम को अबॉर्शन की इजाजत देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर भ्रूण जीवित पाया जाता है, तो उसका जीवन बचाने की पूरी कोशिश की जाये और बाद में राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि बच्चे को कानूनी तौर पर गोद लेने की प्रक्रिया संपन्न हो। क्या इस मामले में भी ऐसे किसी संभावित उपाय पर विचार नहीं किया जा सकता?

**27 हफ्ते के गर्भ से जुड़े उस मामले में रेप विक्टिम को अबॉर्शन की इजाजत देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर भ्रूण जीवित पाया जाता है, तो उसका जीवन बचाने की पूरी कोशिश की जाये और बाद में राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि बच्चे को कानूनी तौर पर गोद लेने की प्रक्रिया संपन्न हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी-20 शिखर सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए गर्व और सम्मान का एक विषय यह भी है कि भारत की संसद को जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का सम्मेलन पी-20 की मेजबानी का मौका मिला है। दिल्ली में 13 व 14 अक्टूबर को हो रहे इस सम्मेलन में जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के अतिरिक्त आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भी सम्मिलित होंगे।**

# जी-20 शिखर सम्मेलन : एक नये युग का सूत्रपात



ओम बिड़ला

भारत की अध्यक्षता में जी–20 शिखर सम्मेलन की अपूर्व सफलता और वैश्विक मुद्दों के समाधान की दिशा में भारत की अग्रणी भूमिका की समूची दुनिया में प्रशंसा हुई है। यह गौरव का विषय है कि इस सम्मेलन का समापन भी हमारी & quot; वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य & quot; की अवधारणा को मजबूत करने वाले साझा घोषणा पत्र से हुआ। विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव का अनुमान इसी से हो जाता है कि संवेदनशील मुद्दों पर भी सबकी सहमति बनी है।

जी–20 शिखर सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए गर्व और सम्मान का एक विषय यह भी है कि भारत की संसद को जी–20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का सम्मेलन पी–20 की मेजबानी का मौका मिला है। दिल्ली में 13 व 14 अक्टूबर को हो रहे इस सम्मेलन में जी–20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के अतिरिक्त आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भी सम्मिलित होंगे। संसद किसी भी देश की सर्वोच्च विधायी निकाय होती है जिसके माध्यम से ही जनप्रतिनिधि, जनआकांक्षाओं व अपेक्षाओं को सदनों में रखते हैं और वे ही कानूनों व नीतियों का निर्माण करते हैं।

भारत, दुनिया की उन प्राचीन सभ्यताओं में से हैं जहां बहुरंगी विविधता और जिसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। भारत में लोकतंत्र की सदियों पुरानी अवधारणा है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी सभा, समिति व संसद जैसी सहभागी संस्थाओं का उल्लेख है। इसलिए लोकतंत्र हमारी सोच में, हमारी जीवन शैली में है।

भारत ने अपनी 75 वर्षों की लोकतांत्रिक यात्रा में साबित किया है कि हमारी डेमोक्रसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी हमारी विशेषता भी है और हमारी ताकत भी है। लोकतंत्र की शक्ति से हमने समय समय पर आने वाली चुनौतियों का सामना कर समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य बनाया है और सबका सामाजिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। यह कहना होगा कि जनकेन्द्रित विकास, समावेशी विकास हमारी लोकतान्त्रिक यात्रा के केंद्र में रहा है।

**हमारी संसद ने व्यापक चर्चा के बाद लोक कल्याणकारी कानून बनाये हैं।**

लोकतंत्र की जननी भारत में पी-20 सम्मेलन के आयोजन का महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि जी-20 में वैश्विक मुद्दों पर सर्वसम्मति मानवता के साझे भविष्य से जुडी हैं। हमारी संसदों में भी जनप्रतिनिधि इन्हीं मुद्दों पर व्यापक चर्चा के बाद एक सामूहिक दृष्टिकोण बनाते हैं। इससे चुनौतियों के सामूहिक समाधान निकालने में हमें सहायता मिलती है। इसलिए पी-20 सम्मेलन में भी भारत की संसद, वैश्विक स्तर पर सभी देशों की संसदों को साथ लेकर विश्व और मानवता के समक्ष महत्वपूर्ण समसामयिक मुद्दों के समाधान के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करेगी।

9वें पी-20 सम्मेलन में मूल रूप से पर्यावरण के लिए जीवनशैली, सतत विकास लक्ष्य, जलवायु परिवर्तन, महिला नेतृत्व में विकास तथा मानवता के साझे भविष्य से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। सतत विकास लक्ष्य सतत विकास लक्ष्यों ने विश्व में समग्र मानव विकास की संकल्पना को साकार करने के प्रयासों को निश्चित ही गति प्रदान की है। जैसे-जैसे हम वर्ष 2030 के करीब पहुंच रहे हैं, इस पहल के तहत हासिल उपलब्धियों का आकलन करना और इन्हें साकार करने के प्रयासों में तेजी लाना और महत्वपूर्ण हो जाता है। सतत विकास के इन लक्ष्यों में कई ऐसे हैं जिनका असर देशों की सीमाओं तक ही नहीं, बल्कि सार्वभौमिक होता है। जरूरत इस बात की है कि इन मुद्दों पर देशों की संसदों में चर्चा व संवाद हो और सभी विरोधाभासों को समाप्त कर आम राय बने। राष्ट्रों की संप्रभुता बनाये रखते हुए इन मुद्दों पर देशों के बीच नीतिगत सहमति भी विकसित होनी चाहिए, तभी इसके बेहतर परिणाम दुनिया को मिल सकेगें। ये परिणाम हासिल करने में हमारी संसदों की बड़ी भूमिका है। इसलिए पी 20 सम्मेलन में इस विषय पर विचार मंथन होगा। सतत ऊर्जाः हरित भविष्य की ओर भारत ने विशाल जनसंख्या की चुनौतियों का मुकाबला करते हुए और विकसित देश बनने की आकांक्षा कायम रखते हुए अपनी विकास प्रक्रिया को हरित भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का प्रयास किया है। आज भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में है। सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बायो फ्यूल गठबंधन जैसे नीतिगत फैसले लिए गए हैं, जिन्हें व्यापक वैश्विक समर्थन मिला है। हमारी संसद में भी पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर लगातार चर्चा हुई है। इसी संवाद के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों से परे नवीकरणीय ऊर्जा के लिए नीति निर्माण पर देश में आम सहमति का निर्माण हुआ है।

**लैंगिक समानता:** महिला सशक्तिकरण से महिला नेतृत्व में विकास तक हमारी प्राचीन संस्कृति में नारी को शक्ति और भक्ति का स्वरूप माना गया है। महिलाओं ने अपनी क्षमता और सामर्थ्य को सभी क्षेत्रों में साबित किया है, चाहे वह विज्ञान एवं टेक्नॉलजी हो, प्रतिरक्षा हो, अंतरिक्ष विज्ञान हो या खेल का मैदान हो। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें मताधिकार सहित समानता के सभी अधिकार दिये। हमारी लोकतंत्र की यात्रा जैसे-जैसे आगे बढी देश में महिलाओं को राजनैतिक और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करते हुए उन्हें नेतृत्व के अवसर देने के नीतिगत निर्णय भी लिये गये।

प्रारंभ में ग्राम पंचायतों तथा नगरपालिका स्तर के चुनावों में उनके लिए आरक्षण के कानून बनाये गये और आज उनके नेतृत्व की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए उनके लिए लोकसभा तथा राज्य विधान सभाओं में आरक्षण के लिए कानून बनाये गये हैं। खुशी की बात यह है कि इस कानून पर पूरे देश के प्रत्येक राजनैतिक दलों के बीच आम सहमति रही है। हम पी 20 सम्मेलन में इस विषय पर भी अपने सकारात्मक अनुभव साझा करेंगे और महिला नेतृत्व में विकास को एक वैश्विक आंदोलन बनाने का प्रयास करेंगे।

सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के जीवन में आमूल परिवर्तन हमारे लिए गौरव का विषय है कि भारत अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन में विश्व में सबसे आगे है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली, आधार जैसी पहल ने सरकारी सेवाओं की पहुंच को सुव्यवस्थित कर दिया है। डिजिटल यूपीआइ भुगतान में भारत ने नये कीर्तिमान बनाये हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्त, बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में डिजिटल प्रौद्योगिकी से करोड़ों भारतीयों के जीवन में आमूल-चूल बदलाव आया है।

जी20 शिखर सम्मेलन में हम अपनी इस युगांतरकारी उपलब्धि को विश्व की संसदों के साथ साझा करेंगे, ताकि डिजिटल परिवर्तन की भारतीय सफलता पूरे विश्व के लिए आदर्श बने। अपनी बहुलता और विविधता तथा कठिन चुनौतियों के बावजूद हमने नागरिकों के सामाजिक आर्थिक जीवन में बदलाव लाने वाले बड़े फैसले किये हैं। इसके अतिरिक्त चाहे हमारी चंद्रमा मिशन की सफलता हो या वित्तीय समावेशन की विशेषज्ञता हो, हम अपनी उपलब्धियों को विश्व के साथ साझा कर रहे हैं क्योंकि विश्व को एक परिवार मानने की हमारी संस्कृति रही है। आज अपनी इस लोकतांत्रिक यात्रा में हम जिस पड़ाव पर हैं, उसमें हमारी संसद की बड़ी भूमिका रही है। हमारी संसद ने व्यापक चर्चा के बाद लोक कल्याणकारी कानून बनाये हैं, नीतियों के निर्माण में जनता के हितों को देखा है। बहुदलीय व्यवस्था होने के बाद भी हमने इन मुद्दों पर आम सहमति बनायी है। इस प्रकार हमारी संसद ने विश्व के लिए सार्थक चर्चा संवाद का एक मॉडल प्रस्तुत किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार जी 20 सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों पर सर्वसम्मति बनी, उसी प्रकार पी 20 सम्मेलन भी समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में संसदों की अनिवार्य भूमिका को रेखांकित करेगा तथा वैश्विक विषयों पर संसदों के बीच सहयोग के एक नये युग का सूत्रपात करेगा।

**(लेखक : लोकसभा अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## कांग्रेस जिला कमेटी ने शहरवासियों के लिए निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत में शहरवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का अयोजन किया गया। गुरुवार को कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर-1 कांग्रेस कार्यालय में आयोजित निःशुल्क सेवा शिविर में बस्ती के सैकडो जरूरतमंग लोगो ने उपस्थिति दर्ज करवाई। मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने बताया सेवा ही कांग्रेस पार्टी का धर्म है। इस उद्देश्य के साथ कदमा शास्त्री नगर में निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बातया शिविर में कुछ ऐसे ही लोग मिले जिनका मोतियाबिंद ऑपरेशन की जरूरत है। उनके लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सुविधा उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी शहर को अलग-अलग क्षेत्र में जारी रहेगा। ताकि जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुचाया जा सके। इस अवसर पर निःशुल्क सेवा शिविर में 18 साल से कम उम्र के बच्चो को चस्मा मुफ़्त में दिया गया। यह जानकारी कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने दी।

# एक्सएलआरआइ और टाटा स्टील फाउंडेशन ने सीएसआर के तहत पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए किया करार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई व टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच पहली बार सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में ऑनलाइन पोस्ट-ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू करने व विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज व टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने टाटा स्टील फाउंडेशन के डायरेक्टर चाणक्य चौधरी के उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इसके तहत दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से एक साल का विश्व स्तर पर



प्रतिस्पर्धी, अकादमिक रूप से कठोर व संस्थागत रूप से मान्यता प्राप्त ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम विकसित व डिलीवर करेंगी। आने वाले 10 वर्षों के दौरान भारत व दुनिया में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक प्रभाव बेहतर होगा। इसके साथ ही प्रबंधन ने क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए सबसे आवश्यक व मांग वाले कौशल सेट, ज्ञान-आधारित और दृष्टिकोण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। एमयू के साथ ही एक्सएलआरआई और टीएसएफ दोनों संयुक्त रूप से कार्यक्रम की सफल डिलीवरी को सक्षम बनाने के लिए प्रासंगिक विषय वस्तु व प्रक्रियाओं को विकसित और निष्पादित करेंगी। यह उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान, सीएसआर और सामाजिक-प्रभाव वाले स्थान के लिए प्रासंगिक ज्ञान के एक जैविक और समग्र निकाय को संरक्षित और प्रसारित करने का प्रयास करेगी। जिससे कौशल सेट का भंडार, केस स्टडीज, शोध पत्र, श्वेत-पत्र, आलेख, किताबें, और अन्य पाठ्य ऑडियो विजुअल कंटेंट जैसे फिल्में वीडियो शामिल है। मौके पर जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा एक्सएलआरआई हमेशा ज्यादा बेहतर के लिए कदम उठाने में विश्वास करती है। सामाजिक कल्याण के लिए सीएसआर का लाभ उठाने में टाटा स्टील फाउंडेशन की विशेषज्ञता पर भारत व दुनिया के लिए कल के सहानुभूतिपूर्ण सामाजिक प्रभाव वाले लीडर्स को तैयार करने में सफल होंगे। इसके लिए एक्सएलआरआई की शैक्षणिक क्षमता के बीच तालमेल बनायेंगे। यही सीईओ सौरव रॉय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा पीजीसीसीएसआर पाठ्यक्रम इस मायने में एक अनूठा प्रयास है। यह समुदायों से ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक मंच बनाने के इरादे को दशार्ता है। जो जीवन के अनुभवों से उत्पन्न होते हैं। लेकिन कक्षाओं तक सीमित नहीं होते। आने वाले दिनों में दीर्घकालिक सहयोग से ज्ञान व बुद्धिमत्ता को समृद्ध करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा एक्सएलआरआई के सहयोग से सामाजिक रूप से जिम्मेदार नेतृत्व को व्यवस्थित के रूप में निखारने के लिए एक स्पष्ट मार्ग तैयार किया जायेगा। पाठ्यक्रम के माध्यम से जो एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है समय के साथ, टीम यह सुनिश्चित करेगी। ताकि पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर प्रोग्राम व प्रक्रियात्मक स्तरों पर प्रासंगिक इनपुट के माध्यम से लगातार समृद्ध हो सके।

## टाटा स्टील एफएएमडी ग्रीन लॉजिस्टिक्स पथ पर बढ़ रही आगे

# भविष्य के लिए तैयार लॉजिस्टिक्स समाधान की दिशा में एक कदम आगे : पंकज

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन ने लॉजिस्टिक्स परिचालन में इलेक्ट्रिक वाहनों का ट्रायल रन शुरू किया। गुरुवार को ओड़िशा के जाजपुर में कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट में स्टील के कार्यकारी प्रभारी फेरो अलॉय व मिनरल्स डिवीजन पंकज सतीजा ने ईवी को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा इलेक्ट्रिक वाहनों की ट्रायल रन रणनीतिक कदम पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एक हरित व टिकाऊ लॉजिस्टिक समाधान की दिशा में प्रगतिशील बदलाव के प्रतीक है। पारंपरिक ईंधन आधारित परिवहन विधियों से

**ईवी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**




जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन व वायु प्रदूषकों को महत्वपूर्ण रूप से कम करने के उद्देश्य से स्टील प्रमुख ने छोटे ढुलाई क्षेत्रों के लिए फेरो क्रोम व रिडक्टेंट दोनों के लिए परीक्षण शुरू किया। परिचालन चुनौतियों, लागत प्रभावशीलता बचत को समझने के लिए परीक्षण 12 दिनों तक चलेगी। उन्होंने कहा एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में हमेशा टिकाऊ प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। लॉजिस्टिक्स परिचालन में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरूआत से हमें कार्बन तटस्थता प्राप्त करने व संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मौके पर बीडी टाटा स्टील के चीफ-ऑपरेशंस श्री नंदा ने कहा कंपनी स्वच्छ व अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान देने वाली नवीन तकनीकों का पता लगाना व अपनाना जारी रखेगी। पहले मध्य व अंतिम मील डिलीवरी के लिए बेड़े में शामिल की गई ईवी में 42 टन तक वजन ले जाने की क्षमता है। यह एक बार चार्ज करने पर 140 किमी की दूरी आसानी से तय कर सकती है। गुरुवार को एफएपी जाजपुर से आईसीडी कलिंगनगर तक फेरो क्रोम वाहन चलाया गया। अगले दिन टाटा स्टील के कलिंगनगर प्लांट से नट कोक को एफएपी जाजपुर रवाना की जायेगी। कंपनी जल्द ही कई सर्किटों के लिए एलएनजी संचालित वाहनों का परीक्षण करेगी।

## जियाडा में खुला सरायकेला एसपी का कैंप कार्यालय

# फरियाद लेकर पहुंचने वाले को मिलेगी राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** जियाडा भवन में सरायकेला एसपी के कैम्प कार्यालय शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। गुरुवार को आदित्यपुर जियाडा भवन में लंबे समय के बाद कैम्प कार्यालय में एसपी डॉ बिमल कुमार ने स्थानीय लोगो के समस्याओ से अवगत हुए।हालांकि पहले दिन फरियादियों की संख्या कम रही। मौके पर एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया अगले सप्ताह से दिन के 12 बजे से लेकर 2 बजे तक नियमित रूप से लोगों से मिलेंगे। जरूरत के अनुसार समय बढ़ भी सकता है। उन्होंने कहा किसी कारणवश यदि गुरुवार को उपस्थित नहीं हो सकेंगे तो शनिवार को उपलब्ध

**ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं : एसपी विमल**



**एसपी डॉ विमल कुमार ने साफ शब्दों में कहा जिले में कहीं भी ब्राउन शुगर के कारोबार को पनपने नहीं दिया जायेगा। शिकायत मिलने पर थानेदार नपे जायेंगे। अवैध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिले में विशेष टास्क फोर्स गठित कर कार्रवाइ की जारही है।**

रहेंगे। गुरुवार को भी फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एसपी डॉ विमल ने बताया जिला मुख्यालय से दूरी के कारण लोग अपनी समस्याओं को उन तक पहुंचा नही पाते थे। इस वजह से कैंप कार्यालय को फिर से एक्टिवेट किया गया। एसपी ने बताया दुर्गा पूजा में जिला पुलिस अपराधियों पर पैनी नजर रखेगी। जेल से छूटे अपराधियों की सूची सम्बंधित थानों को दे दी गयी है। संदिग्ध लोगों के खिलाफ 107 लगाने का निर्देश दिया गया। पूजा पंडालों के आसपास जाम की स्थिति न बने इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष रूप से निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम को एक्टिव किया गया। पूजा कमेटियों को वोलेंटियर के जरिए विधि-व्यवस्था में पुलिस के सहयोग करने का निर्देश दिया गया। पूजा में अतिरिक्त पुलिस बल के साथ क्यूआरटी की तैनात रहेगी। सभी पूजा कमेटियों को पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दी गयी।

रफ ड्राइविंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस को जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पुलिस केंद्र गढ़वा में दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारों को लेकर दंगा रोधी पूर्वाभ्यास का किया गया आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र गढ़वा में दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर रखते हुए दंगा रोधी पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। इसके तहत पुलिस बल के द्वारा विधि विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने तथा उन्हें तीतर वीतर करने का अभ्यास कराया गया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के द्वारा उपस्थित जवानों को दंगाइयों, उपद्रवियों तथा बेकाबू भीड़ से निपटने हेतु दंगा तथा भीड़ रोधी उपकरणों के कुशल संचालक संबंधित दिशा-निर्देश दिये गये एवं परिचारी प्रवर गढ़वा के निर्देशन में सभी जवानों को इसका अभ्यास कराया गया।

### योग शिविर के पांचवें दिन बड़ी संख्या में लोगों ने सुशील केशरी से सीखे योग के गुर

**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति द्वारा किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर के पांचवें दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में आए लोगों को योग प्रशिक्षक सुशील केशरी ने योग के गुर सिखाए। उन्होंने सबसे पहले सभी को संस्कार से अवगत कराया। इसके पश्चात ध्यान तथा नासिका के दोनों छिद्रों बाएं नासिका में चंद्र नाड़ी तथा दाएं नासिका में सूर्य नाड़ी के विषय में बताते हुए अनुलोम विलोम का अभ्यास कराया। उन्होंने जल नेती तथा सूतनेती की क्रिया को करके इससे होने वाले फायदे को बताया। साथ ही सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुआ उसका लाभ बताया। शिविर में उपस्थित लोगों को आंख, कान तथा गला के लिए आसन एवं एक्यूप्रेशर का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा ताड़ासन, गोमुखासन, कटिचक्रासन एवं यौगिक जॉगिंग का अभ्यास कराया गया। मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक व कॉलेज के प्रमुख डॉ अनिल साह ने कहा कि योग से कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने शिविर के बचे दो दिनों में अन्य लोगों को भी आकर आसन प्राणायाम सीखने के लिए प्रेरित करते हुए योग के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। योग शिविर में मुखिया रामसागर महतो, समिति के मेराल प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, कॉलेज की प्रिंसिपल किंजल सिंह, विकास कुमार, ओम विश्वकर्मा, बिरेंद्र प्रसाद, शिक्षक विनोद कुशवाहा, दिवाकर साह, भास्कर प्रसाद, संजय बैठा, युगुल सोनी, धर्मेंद्र मेहता, विनेश मेहता सहित कई लोगों ने योगाभ्यास किया।

### 24 अक्टूबर को विजयादशमी मनाने में कोई दोष नहीं है : प्रो. किशोरी मोहन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** विजय दशमी को लेकर असमंजस की स्थिति को देखते हुए सेवानिवृत्ति प्रोफेसर और विद्वान पंडित किशोरी मोहन मिश्रा ने कहा है कि 24 अक्टूबर को विजयादशमी मनाने में न तो सैद्धांतिक दृष्टि से और न ही व्यवहारिक दृष्टि से कोई कठिनाई है और न ही कोई दोष है। उन्होंने कहा है कि सनातन धर्म में विजयादशमी का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्रि की समाप्ति के साथ दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष पंचांग के अनुसार विजया दशमी 23 अक्टूबर को मनाया जाना चाहिए। इसका कारण श्रवण नक्षत्र को माना गया है जो दशमी तिथि में मात्र 36 मिनट के लिए है और इसी दिन पारण भी करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व के दो पक्ष होते हैं, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक। प्रायः मान्यता है कि कलश स्थापन हस्त नक्षत्र में, भगवती का आवाह्न सप्तमी तिथि को मूल नक्षत्र में और विसर्जन दशमी तिथि को श्रवण नक्षत्र में किया जाना चाहिए। इस वर्ष न तो प्रतिपद को हस्त नक्षत्र है और न सप्तमी तिथि को मूल नक्षत्र है। यदि नक्षत्र को ही प्रधानता दी जाय तो इस वर्ष दुर्गा पूजा की जानी चाहिये या नहीं विचारणीय बिंदु है।

### दुर्घटना में बीडीओ का चालक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर नगर उंटारी मुख्य सड़क पर पेट्रोल पंप के समीप बाइक दुर्घटना में भवनाथपुर बीडीओ का ड्राइवर घायल हो गया। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। खबर के अनुसार बेलपहाड़ी निवासी ओसी अंसारी अपने बाइक से भवनाथपुर जा रहा था कि पेट्रोल पंप के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। उक्त दुर्घटना में ओसी अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सक नितीश भारती के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया।

## कार्यक्रम : मंत्री आवास पर झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार के कार्यों से जनता को अवगत करायें : मंत्री मिथिलेश

**लोगों को बतायें कि केंद्र के तुगलकी फरमान से गुलामी की जिंदगी जीने को विवश होंगे ग्रामीण**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास स्थित सभागार में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। जब तक कार्यकर्ता मजबूत, सजग एवं समर्पित नहीं होंगे तब तक बेहतर संगठन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को जनता को बतायें। साथ ही उन्हें इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगाया जाना है। इसके लिए पंचायत कमेटी, मुखिया ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर स्थल चयन करें। जनता जिस स्थान पर चाहेगी। वहीं पर चापाकल लगवायें। साथ ही डीलर की बेईमानी पर भी पैनी नजर रखें। ताकि जनता को पूरा लाभ मिल सके। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को यह अच्छी तरह से समझायें कि केंद्र सरकार जिस तरह से तुगलकी फरमान जारी कर रही है आने वाले समय में यदि किसी भी तरह भाजपा की सरकार बन गई तो ग्रामीणों को गुलामी भरी जिंदगी जीना पड़ेगा। उनका चलना, रहना, जीना सब मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ भी इतनी सफाई से बोलते हैं कि वह सच जैसा प्रतीत होता है। इस तरह का झूठ बोलने के लिए उनकी पार्टी में ट्रेनिंग दी जाती है। उनके पास झूठ को सच साबित करने वाले हजारों लोगों की टीम है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार फूट डालो शासन करो की नीति अपनाती है। हिंदू, मुस्लिम की बात करती है। भाई-भाई को लड़ाती है। यह सब जानकारी ग्रामीणों को निश्चित रूप से दें। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति जिंदगी भर बालू चोरी किया, वह दूसरे पर बालू चोरी करने का आरोप लगाता है। जनता जिन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि बनाती है। वे लोग जनता को ही पैरों तले रौंदते हैं। परंतु मैं जनता का सेवक हूं। जनता की अदालत पर मुझे पूरा भरोसा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, मुखिया शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, विकास सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, कामेश्वर चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नारद तिवारी, शहंशाह अंसारी, सुरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला की ओर से गढ़वा में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से जनता को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में गढ़वा शहर के बीचों-बीच घंटाघर के पास किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस के वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने किया। इस कार्यक्रम में लोगों को ध्वनि विस्तारक के माध्यम से एवं पर्चा बांट कर जागरूक किया गया। आम जन को बताया गया कि डेंगू मलेरिया एडिस मच्छर के काटने से होता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पलता बढ़ता है, अतः आप अपने घर के बर्तन, कुलर, टंकी या अगल-बगल किसी भी तरह का जल जमाव न रखें। यदि कोई गड्ढा, नाली में पानी रहता है तो उसमें किरासन तेल या जला हुआ डीजल मोबील डाल दें ताकि मच्छर के लार्वा, पुयुपा सरवाइव न कर सके। मच्छर के जन्म को ही रोक दिया जाएगा तो डेंगू मलेरिया का खतरा नहीं होगा। डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है इसलिए सभी लोग पूरे बांह का और शरीर को ढकने वाला कपड़ा पहनें। डेंगू से बचाव के लिए हर हाल में मच्छर से बचाना है। घर के खिड़की दरवाजों में जाली लगाकर रखना है ताकि घर में मच्छर का प्रवेश न हो सके और मच्छरदानी लगाकर ही सोना है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो जाता है तो वह अपने चिकित्सक से परामर्श लेकर अपना इलाज करायें। बुखार एक-दो दिन से ज्यादा हो तो हर हालत में मरीज अस्पताल में या चिकित्सक से मिलकर अपनी जांच करायें। डेंगू होने पर खून में प्लेटलेट्स की कमी होने लगती है तो दवा के साथ-साथ पपीता के पत्ते का जूस मधु में मिलाकर सुबह-शाम पीयें एवं फल, सब्जियों को अपने खाने में अवश्य शामिल करें। मौके पर रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, सह सचिव नन्दकुमार गुप्ता, उमेश कश्यप, बिनोद कुमार, मनोज केशरी सन रेडियो, मुकेश ठाकुर, राजीव रंजन तिवारी आदि सदस्य एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पूजा पंडाल कमेटी समस्याओं से अवगत करायें, तत्काल होगा समाधान : शैलेश कुमार

**नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने पूजा समिति अध्यक्षों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत होने वाले सभी दुर्गा पूजा पंडाल कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक की गयी। जिसमें सभी पूजा पंडालों में और प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गढ़वा उपायुक्त के द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में बताते हुए कहा कि पूजा पंडाल में चार डीजे बॉक्स और प्रतिमा विसर्जन में डीजे कम साउंड यानी 75 डेसीबल के अंतर्गत बजाया जाए जिससे कि लोगों को परेशानी ना हो, पूजा पंडाल बनाते समय सूती वस्त्र का उपयोग करें, दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पूजा अर्चना व दर्शन करने के लिए एक महिला एवं पुरुष का बैरेकेडिंग किया जाए, पूजा पंडाल सुरक्षित स्थान पर बनाया जाए ताकि वाहनों को आवागमन में परेशानी ना हो, पूजा के दौरान अग्निशामक यंत्र, बालू, पानी और कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था की जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें साथ ही हर पूजा पंडाल के अध्यक्ष एक आवेदन में पांच वोलेंटियर्स यानी निगरानी सदस्य की सूची नगर पंचायत कार्यालय को सौंपेंगे जिनका आईडी कार्ड नगर पंचायत के द्वारा जारी किया जाएगा या खुद भी बनवा सकते हैं। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष पूजा पंडाल कमिटी के अध्यक्षों ने तत्काल जरूरी समस्याओं से अवगत कराया। जिसको लेकर कार्यपालक शैलेश कुमार ने स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार को अविलंब समस्या का समाधान का आदेश दिया। साथ ही अध्यक्षों से कहा कि किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो अविलंब सूचित करें। अविलंब समस्या का निष्पादन हेतु नगर पंचायत कार्यालय प्रतिबद्ध है।

बैठक में कमेटी अध्यक्ष अखौरी तहले से दीपक चंद्रवंशी, मंझिआंव चंद्री से संजीव सिंह, गाहिड़ी वार्ड नं.04 से अमित कुमार मेहता, मंझिआंव बाजार समिति से नीरज कमलापुरी एवं अन्य अध्यक्ष उपस्थित थे।

## बंशीधर नगर में 23 से 28 अक्टूबर तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का होगा आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**डीसी-एसपी ने स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का लिया जायजा, बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश**

**बंशीधर नगर।** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, पाल्हे जतपुरा, नगर उंटारी के आयोजन के निमित्त विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण एवं बैठक की। सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, पाल्हे जतपुरा, नगर उंटारी पहुंच महायज्ञ स्थल पर विधि व्यवस्था को लेकर जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों को पार्किंग, ट्रैफिक, अस्थायी हेलीपैड निर्माण, अतिथियों के प्रवेश एवं निकास द्वार, पेयजल, अस्थायी शौचालय समेत अन्य को लेकर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। महायज्ञ स्थल से 1 किलोमीटर की दूरी पर अस्थाई हेलीपैड निर्माण करने के स्थान को भी चिन्हित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। महायज्ञ स्थल के समीप एवं पार्किंग स्थल पर भी अस्थायी शौचालय बनाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात नगर उंटारी थाना स्थित सभागार में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी संबंधित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं महायज्ञ समिति के संरक्षक, लेखा पदाधिकारी अन्य सदस्यों संग बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने महायज्ञ समिति के सदस्यों से कार्यक्रम का मिनट की जानकारी ली। समिति द्वारा बताया गया कि 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला भूअर्जन पदाधिकारी एजाज अहमद, एसडीपीओ नगर ऊंटारी प्रमोद कुमार केसरी, डीटीओ धीरज प्रकाश, बीडीओ नगर उंटारी श्रवण राम, सीओ नगर उंटारी अरुण मुंडा, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत नगर उंटारी अमरेंद्र चौधरी, यज्ञ समिति के संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव, राज राजेन्द्र प्रताप देव, कन्हैया चौबे, शिवधारी राम, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, शैलेश चौबे, सचिव अनीष शुक्ला, लेखा पदाधिकारी धीरेन्द्र चौबे, उपसचिव नवनीत शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में समूह का प्रयास सराहनीय : दीपमाला कुमारी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस संचालित आजीविका महिला संकुल संगठन मेराल की वार्षिक आम सभा मेराल पश्चिमी पंचायत सचिवालय के समीप सामुदायिक भवन में गुरुवार को हुई। आमसभा का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ जागो महतो, मुखिया रामसागर महतो, उर्मिला देवी, मुन्ना राम, नाथुन राम, हरेंद्र चौधरी, नंदू चौधरी, बिट्टू चौबे, धर्मेंद्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिक आमसभा में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में समूह का प्रयास सराहनीय है। प्रमुख ने कहा जो महिलाएं अपनी आजीविका के लिए हड़िया दारु के निर्माण एवं बिक्री से जुड़ी हैं वे सरकार के फूलों झानो आशीर्वाद योजना से जुड़कर अपना दूसरा रोजगार कर सकती हैं। बीडीओ जागो महतो ने कहा कि जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रहा है। जेआरजीबी मेराल शाखा प्रबंधक प्रीतम चक्रवर्ती ने कहा कि विभिन्न समूहों को सीसीएल के द्वारा पैसा दिया जाता है। समय पर पैसा वापस कर क्रेडिट सही रखने की सलाह देते हुए कहा कि खाता एनपीए हो जाने पर भविष्य में कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। वार्षिक आमसभा में सभी समूह द्वारा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अच्छा कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को बीडीओ जागो महतो द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं झामुमो नेता और हासनदाग मुखिया पति हरेंद्र चौधरी द्वारा ग्यारह सौ रुपए का प्रोत्साहन राशि देकर महिलाओं का हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में एजीएम सतीश कुमार सिंह, पिंकी कुमारी, मोहम्मद जिलानी सहित विभिन्न समूहों की करीब चार सौ महिलाएं शामिल थीं।

## मिलावटी पेट्रोल देने का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं ने पेट्रोल पंप पर किया हंगामा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर टाउनशिप मार्ग में दुल्हर स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर बुधवार की दोपहर में मिलावटी पेट्रोल देने का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं ने दो घंटा तक हंगामा किया। हंगामा के दौरान उपभोक्ताओं ने अपना गुस्सा नोजल मैन पर निकाला। हंगामा को देखते हुए करीब एक दर्जन लोगों का पैसा वापस किया गया। समाचार के अनुसार बुधवार को रेलवे साइडिंग स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने पहुंचे ग्राहकों को डीजल मिला हुआ पेट्रोल मिला। उक्त पेट्रोल पंप से 15 से 20 लोगों ने गाड़ी में पेट्रोल लिया। पेट्रोल लेने के बाद 100 मीटर दूर जाने पर सभी गाड़ियां बंद हो गईं। तब उपभोक्ताओं को लगा कि पेट्रोल में कुछ मिलावट है। सभी लोगों ने पेट्रोल पंप पहुंचकर हंगामा शुरू किया और पैसा वापस करने की मांग करने लगे। चपरी निवासी सत्येंद्र राम ने बताया कि बुधवार को रेलवे साइडिंग स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर 210 रुपए का पेट्रोल लिए थे। पेट्रोल लेने के बाद कुछ दूर जाने पर गाड़ी बंद हो गई, तो गाड़ी की टंकी से बोतल में पेट्रोल निकाला तो उसमें डीजल जैसा तरल पदार्थ दिखाई दिया। तब जाकर पेट्रोल पंप पर नोजल मैन से कहा कि इसमें मिलावट है। सहयोगी शिक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हमने भी 110 रुपए का पेट्रोल लिया था और हमारी गाड़ी भी बंद हो गई। इसी तरह 15 से 20 लोगों ने पेट्रोल लिया था सबके साथ यही हाल हुआ। दर्जनों लोगों ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर हंगामा किया और पैसे की मांग की। हालांकि कुछ लोगों का पैसा वापस भी किया गया, तब जाकर हंगामा शांत हुआ। नोजल मैन उपेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम को टैंकर आया था उसी में गड़बड़ी होगा। टंकी पर मिलावट करने की बात नहीं है। संचालक झुमरी निवासी राजू बैठा ने बताया मंगलवार को इंडियन आयल कंपनी रांची से एक टैंकर तेल आया था, जिसमें 8 हजार लीटर पेट्रोल तथा 4 हजार लीटर डीजल था। कंपनी के लोगों को उसकी जानकारी दी तो बताया गया कि पेट्रोल में इथनाल की मात्रा अधिक होने के कारण ऐसा हुआ है, जिसे गुरुवार तक कंपनी के लोग पहुंच कर सुधार कर देंगे। हालांकि उक्त पेट्रोल पम्प पर पूर्व में भी गड़बड़ तेल मिलने की शिकायत आई है। इस घटना के बाद से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## कार्यक्रम : चैट बोट के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों को सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में मिलेगी सहूलियत

# 'शिक्षक सहायक' और 'डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस' चैट बोट हुआ लांच

**रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उवि गढ़वा में कार्यशाला आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान गढ़वा के निर्देश के आलोक में 12 अक्टूबर को रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय गढ़वा के प्रशाल में सभी बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, एम.आई.एस कोऑर्डिनेटर की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक गायत्री साहू सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पांडे, शंभू दत्त मिश्रा, राज्य प्रतिनिधि आर्यन गर्ग व रवि गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला में सभी प्रशिक्षणार्थियों को 'शिक्षक सहायक' और 'डीजी साथ वीकली प्रेक्टिस' चैट बोट SwiftChat app आधारित 'शिक्षक सहायक' और 'डीजी साथ वीकली प्रेक्टिस' चैट बोट सभी विद्यालय में लागू करने को कहा गया। कार्यशाला में कॉन्वीजिनयस के प्रतिनिधि आर्यन गर्ग, रवि गुप्ता ने शिक्षक और बच्चों को सीखने और सीखाने की प्रक्रिया आसान करने के लिए 'शिक्षक सहायक' शिक्षकों के लिए और 'डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस' बच्चों के लिए लांच किया।

शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि डिजिटल युग में इस चैट बोट के माध्यम से शिक्षक आसानी से अपने क्लास रूम जाने से पूर्व शिक्षक सहायक चैट बोट का उपयोग से लेसन प्लान, वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपने क्लास रूम में सीखने सिखाने की विधि को आसान कर पाएंगे। वहीं बच्चे प्रत्येक सप्ताह शनिवार से अगले शुक्रवार तक साप्ताहिक क्विज के माध्यम से अपना अधिगम स्तर समझ पाएंगे। राज्य से आये कॉन्वीजिनयस के प्रतिनिधि आर्यन गर्ग ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिभागी को 'शिक्षक सहायक' और 'डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस' के बारे में बताया। शिक्षक सहायक चैट बोट का उपयोग प्रथम फेज में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को उनके सही शैक्षणिक स्तर पर पढ़ने के लिए किया जाएगा। यह गणित, विज्ञान और हिंदी विषयों के लिए जेसीईआरटी के किताबों में दिए गए सीखने के प्रतिफलों पर आधारित शिक्षण योजना और अभ्यास पत्रक उपलब्ध कराए जाते हैं। शिक्षण योजना एवं अभ्यास पत्रक उपचारात्मक तथा कक्षा स्तर दोनों के लिए प्रयुक्त किए गए हैं तथा यह सभी की जेसीईआरटी के द्वारा जांच किए जाते हैं।

कॉन्वीजिनयस के प्रतिनिधि रवि प्रकाश गुप्ता ने बताया कि आज के समय में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाली चीज है चैट और चैट बोट का उपयोग करने के लिए अपने एंड्राइड मोबाइल के प्ले स्टोर से एक बार SwiftChat app को डाउनलोड करना है, मोबाइल नंबर से वेरिफिकेशन के बाद दिए गये चैट बोट क्यूआर कोड या फिर लिंक के माध्यम से शिक्षक सहायक और डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस चैट बोट का उपयोग कर सकते हैं।

डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस प्रत्येक शनिवार को लाइव कर दिया जाता है जो कि अगले शुक्रवार तक ओपन रहता है। बच्चे विद्यालय का यू डाइस कोड डालकर अपने स्कूल को वेरीफाई करते हुए अपना नाम डालते हुए प्रत्येक सप्ताह तीन विषय का क्विज सबमिट कर सकते हैं। साथ ही साथ वह ये भी पता कर सकते हैं कि उनके लर्निंग आउटकम में कितने मार्क्स आ रहे हैं, जिस लर्निंग आउटकम में उनके परफॉर्मेंस अच्छे नहीं रहेंगे, उनके लिए उसी समय इस चैट बोट पर वीडियो भी प्राप्त होती है ताकि बच्चे वीडियो देखकर अपने स्तर को आगे बढ़ा सकें। झारखंड शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) चैट बोट जिज्ञासा पहले से लागू है जो कि एसएमसी और माता-पिता के लिए है। कार्यशाला में उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रतिभा कुमारी, विजय पांडे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, वीरेंद्र प्रसाद, बिपिन बिहारी गुप्ता, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार दुबे, अरविंद चौबे, पंकज कुमार गुप्ता, सद्दाम हुसैन, पवन कुमार गिरी, सतीश कुमार द्विवेदी, चंद्र मौलि तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

# सूड़ी समाज और मेदांता अस्पताल ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



### अच्छी सेहत ही मनुष्य का सर्वोच्च धन है : सूरज साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सूड़ी समाज गुमला व मेदांता अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गुरुवार को गुमला स्थित सूड़ी धर्मशाला में किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने कहा कि अच्छी सेहत ही मनुष्य का सर्वोच्च धन है। इसी निमित्त सूड़ी समाज गुमला जांच शिविर का आयोजन कर मानव समाज के प्रति एक सराहनीय कदम बढ़ाया है। जिससे जरूरतमंद लोगों को इसका भरपूर लाभ मिला। श्री साहू ने मेदांता अस्पताल से आए सुप्रसिद्ध चिकित्सक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत कुमार, कान-गला-नाक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर केके दास तथा जेनरल फिजिशियन डॉक्टर पंकज कुमार सहित मौजूद स्वास्थ कर्मी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के जांच शिविर में सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति सराहनीय है। बतातें चलें कि जांच शिविर में 200 से अधिक लोगों की जांच की गई। डॉक्टरों द्वारा उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। इसके पूर्व जांच शिविर में आये स्वास्थ्य टीम को सूड़ी समाज के गुमला टीम द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव संदीप प्रसाद, महिला जिला अध्यक्ष खुशबू साहु, संरक्षक विनय लाल, पंचू साहू, रविन्द्र नाथ साहु, दिलीप नाथ साहु, मुकेश कुमार, महावीर प्रसाद साहू, मिथिलेश प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद साहू, संजय कुमार, कृष्ण कुमार दास, राजेश कुमार सहित समाज के कई सदस्य, स्वास्थ कर्मी व स्वास्थ्य जांच कराने आये जरूरतमंद लोग मौजूद थे।

**बैठक :** आजसू ने किया पार्टी विस्तार, सभी प्रखंडों सहित नगर में बनाये गये पदाधिकारी

# संगठन के पुनर्गठन के लिए प्रखंड प्रभारियों का किया गया चयन

### गुमला नगर से सुनील कुल्लू और आनंद कुमार गुप्ता बनाये गये प्रखंड प्रभारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** परिसदन के सभागार में आजसू पार्टी की जिला स्तरीय बैठक अयोजित की गई। गत 8 अक्टूबर को आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय रांची में संपन्न हुई बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी जिला में संगठन को मजबूत करने की बात कही गई है। जिला के सभी प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी एवं ग्राम कमेटी तक संगठन का विस्तार कर सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य को पूर्ण करना है।

इस बैठक में मुख्य रूप से गुमला जिला में संगठन के पुनर्गठन के लिए प्रखंड प्रभारी का चयन किया गया। डुमरी प्रखंड से बोनिफास, चैनपुर प्रखंड से प्रमोद खलखो, जारी प्रखंड से सद्दाम हुसैन, बिशनपुर प्रखंड से देवेंद्र सिंह खरवार, घाघरा प्रखंड से मिनहाज खान और लक्ष्मी साहू, गुमला प्रखंड से प्रदीप सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। गुमला नगर से सुनील कुल्लू और आनंद कुमार गुप्ता, सिसई प्रखंड से मनदीप महली, भरनो प्रखंड से आनंद कुमार गुप्ता, बसिया कामडरा राहत अफजा, पालकोट गोपीनाथ सिंह को मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया गया है।

25 अक्टूबर तक प्रखंड कमेटी विस्तार कर सूची जिला के जिला अध्यक्ष को सौंपने का निर्देश दिया गया है। संगठन विस्तार के क्रम में जीवंती बाड़ा को महिला समिति में जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन विस्तार की कड़ी में जिला मुख्य प्रवक्ता के रूप में मिनहाज खान का चयन किया गया। मिनहाज खान आजसू पार्टी के गुमला जिला प्रवक्ता के रूप में कार्य करेंगे। जिला के वैसे वरिष्ठ कार्यकर्ता जो पार्टी और संगठन के हित में समय देंगे, पार्टी की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे, पार्टी जहां दायित्व दे वहां अपनी भूमिका निस्वार्थ रूप से समर्पित करने के लिए जिनका स्वेच्छा से नाम आया वैसे लोगों को केंद्रीय समिति में भेजने का निर्णय किया गया।

बैठक में काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुल्लू, पूर्व सचिव बनी पास कुजूर, मेघनाथ साहू, दीपक साहू, छोटू साहू, अजय मोती भगत, गोलू श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह खरवार, विकास अग्रवाल, अधिवक्ता सादिक अंसारी, आमिर रब्बानी, राहत अफजा, मिनहाज खान, प्रमोद खलखो, प्रेम पवन तिग्गा, सद्दाम हुसैन, अजय मोती भगत, किरण सिंह, सविता बड़ा, शाहिद साहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रवींद्र सिंह पहुंचे गुमला, भाजपा पर साधा निशाना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद (कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्रालय) झारखण्ड सरकार के अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुरुवार को गुमला पहुंचे। सर्वप्रथम जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी अध्यक्ष का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट भाजपा की अनुषांगिक इकाई है और बेवजह सरकार को इन माध्यमों से परेशान किया जा रहा है। हम बाजार समिति के माध्यम से किसानों को स्वावलंबी बनाना चाहते हैं और इस दिशा में सरकार काम कर रही है। जहां भी त्रुटि है, उसे दूर किया जाएगा। सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल का दो वर्ष कोरोना काल में गुजर गया। पिछले दो वर्ष से सरकार लगातार जनता के हित में कार्य कर रही है। मैं पूरे राज्य के भ्रमण में हूं। मैं मानता हूं कि वर्तमान में बाजार समिति की स्थिति काफी जर्जर है और किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है लेकिन बाजार समिति से किसानों को सीधे जोड़कर लाभ दिया जाएगा।

### बीएन जालान कॉलेज में एनएसएस ने किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एनएसएस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय प्रांगण में कलश स्थापना के साथ छात्रों द्वारा विभिन्न गांव से लायी मिट्टी कलश में रखी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव ने किया। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सोनिया कुमारी ने पंचप्रण शपथ दिलाई। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रवीण बसंती के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी और वीर शहीदों को नमन कर उनके नाम महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयं सेवकों की अहम भूमिका रही। मौके पर नागपुरी विभागाध्यक्ष साहू प्रकाश लाल, डॉ रंजित कुल्लू, सिसिलिया बरला, खुशबू लकड़ा, डॉ बीडी तिवारी, कृति मिंज, सुरेश साहू, गजराज महतो सहित महाविद्यालय के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### मुखिया के पति ने घरेलू विवाद में कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कलिगा पंचायत की मुखिया मरियम बेक के पति पतरस बेक (50) ने घरेलू विवाद में कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद पतरस को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया में भर्ती कराया गया हैं।इस संबंध में अस्पताल के चिकित्सक डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि फिलहाल उसकी स्थिती खतरे से बाहर हैं।

### रंका प्रखंड में जेएसएलपीएस ने किया वार्षिक आमसभा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत सचिवालय भवन में झारखंड लाईब्लीहुड प्रमोशन सोसायटी के तहत रंका आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रंका गढ़वा के द्वारा गुरूवार को वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, जेएसएलपीएस के बीपीएम मनोज तिर्की एवं सीएलएफ के अध्यक्ष विंदा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम ने समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में इनकी योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की। साथ ही लोन एवं ब्याज से संबंधित विषयों पर भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज तिर्की ने कहा कि रंका प्रखंड में जेएसएलपीएस का आगमन 2018-19 ई० में हुआ तब से लेकर आज तक महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। वही दीनदयाल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत सैकड़ों युवक, युवतियों को तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना कर उनके जीवन को सार्थक बनाया है। रंका सीएलएफ की प्रथम स्थापना दिवस पर सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को बीपीएम के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया वही सीएलएफ का वार्षिक लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीसी सुनिल पांडेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीआरपी सत्येंद्र कुमार, सीसी सुमंत कुमार, राजनाथ चौधरी, संतोष कुमार, पीआरपी सत्येंद्र कुमार, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, सक्रिय महिला लक्ष्मी देवी, शोभा देवी, पूनम देवी, श्वेता पांडेय सहित काफी संख्या में समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

# उत्तरी पालकोट पंचायत भवन में रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन

### विकास भारती कर रहा है मोटा अनाज उत्पादकों को प्रोत्साहित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस निमित कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर ने पालकोट के उतरी पालकोट पंचायत भवन में रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन किया। झारखंड में मोटे अनाज के उपभोग और इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. मोटे अनाज के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इसे और भी स्वादिस्ट बनाकर लोगों के सामने परोसा जा रहा है ताकि लोग इसे चाव से खा सके. मोटे अनाज के खान-पान को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में कृषि विज्ञान केंद्र भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. इसके तहत कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पालकोट प्रखंड की प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के जरिए किसानों में जागरुकता आएगी जिससे मोटे अनाज के उत्पादन के साथ-साथ उसके उपयोग के लिए बाजार तैयार होगा और और इसकी सामग्री तैयार कर महिलाओं की आमदनी में बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ कुपोषण की समस्या से भी निजात मिलेगी। वहीं कार्यक्रम में उतरी पालकोट पंचायत के मुखिया अनिल भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के किसानों के द्वारा मोटा अनाज बड़े पैमाने पर किया जाता है साथ ही यहां की महिलाएं उन उत्पादों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी बनाती हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र के वैज्ञानिक गृह वैज्ञानिक ने बताया कि बढ़ी है मोटे अनाज से बनी वस्तुओं की मांग पर बीते कुछ समय से इसकी इसकी खेती पर कम ध्यान दिया गया। इसके कारण मोटे अनाज के उत्पादन में कमी आई है साथ ही इसके इस्तेमाल को भी अनदेखा किया गया है। यही कारण है कि आज इसके इस्तेमाल के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन करना पड़ रहा है।

**महिलाओं की बढ़ी है कमाई :** जेएसएलपीएस के बीपीएम अर्जुन राम ने कहा कि यहां की महिलाएं आज मोटा अनाज से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाकर बाजारों में बेच रही हैं, जिससे उनकी कमाई बढ़ी है। केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि जहां पुराने समय में इस प्रकार के अनाजों की भरमार थी लेकिन धान एवं गेहूं की उपयोगिता बढ़ने के कारण इनका क्षेत्रफल भी कम हुआ एवं उनके उपयोग में भी कमी आई है, पर अब इसकी खासियत को देखते हुए जहां किसानों में जागरूकता बढ़ी है वहीं महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की रेसिपी भी तैयार की जा रही है। विभिन्न संगठनों एवं विभागों के माध्यम से इन्हें बाजार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। जिससे मोटे अनाज का उत्पादन बड़े एवं उसकी उपयोगिता में भी वृद्धि हो सकेगी। कार्यक्रम में 65 प्रकार व्यंजन महिलाओं के द्वारा बनाये गये थे, जिसे प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में 75 महिलाओं के साथ साथ हेमंत कुमार, रौशन कुमार, राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### घाघरा पुलिस ने साप्ताहिक हाट में महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** दशहरा पर्व के मद्देनजर गुमला एसपी के निर्देशानुसार घाघरा पुलिस ने गुरुवार को घाघरा स्थित साप्ताहिक हाट में महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी की गयी। इस क्रम में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस दलबल के साथ साप्ताहिक हाट में अवैध रूप से महुवा शराब बेच रहे लोगों को सख्त चेतावनी दी गई। वहीं शराब बेचने वाले व बैठकर दारू पीने वाले लोग भागते नजर आए। पुलिस द्वारा 30 लीटर महुवा दारू को नष्ट किया गया। नशे की हालत में दो बाइक चला रहे लोगों को भी पकड़ा और वाहन को साप्ताहिक हाट से जब्त किया गया। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कहा कि दशहरा पर्व को लेकर एसपी गुमला के निर्देशानुसार अवैध रूप से बेच रहे दारू के खिलाफ छापेमारी की गई है। सभी को चेतावनी दी गई है कि अवैध रूप से दारू बिक्री न करें अन्यथा पकड़े जाने पर सभी को ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ऑनलाइन का बहिष्कार कर स्थानीय दुकानदारों से खरीदें सामान : चेंबर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्थानीय लोगों से ऑनलाइन खरीदारी ना करते हुए स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदने की अपील की। चेंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी का त्याग कर स्थानीय दुकानदारों से समान खरीदें। स्थानीय दुकानदार ही सुख-दुख में आम जनता के साथ बने रहते हैं। इसके अलावा उधारी भी देते हैं और कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो पाती है। सदस्यों ने बताया कि ऑनलाइन का सिस्टम विकलांगों के लिए लागू किया गया था। जो घर से बाहर निकलकर खरीदारी नहीं कर सकते हैं। लेकिन आज के दौर में यह प्रचलन सभी लोगों के लिए लागू कर दिया गया और लोगों को घर बैठे विकलांग बना दिया। अपील करने वालों में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा, राजेश लोहानी, राजेश सिंह, मोहम्मद इम्तियाज, रॉकी जयसवाल, प्रणय साहू आदि उपस्थित थे।

### सिसई बसिया पथ में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे ठेकेदार : रोशन बरवा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सिसई बसिया पथ निर्माण में कॉंग्रेस नेता रोशन बरवा ने कार्य में अनियमितता बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो जिला का बहुत जरूरी पथ है जिसका निर्माण का मांग सालों से होता आ रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि जो भी संवेदक इस पथ के निर्माण का ठेका लिया सभी ने अनियमितता बरती। उक्त पथ के माध्यम से जनता का पैसा का उपयोग हो रहा है। अभी तक सड़क पूर्ण नहीं हो सका। 2023 में लगभग 106 करोड़ की लागत से उक्त पथ का निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ के संवेदक को उक्त पथ निर्माण कार्य की जिम्मेदारी दी गयी है लेकिन उक्त संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य हेतु सभी प्रकार के मापदंडों को ताक में रख कर उक्त पथ का निर्माण करवाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा आनन फानन में सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसकी जांच की मांग को लेकर कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार तथा मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग को पत्र लिख कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने बताया कि उक्त ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण से पूर्व जमीन अधिग्रहण से संबन्धित प्रक्रिया के दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जिसका उदाहरण ससिया से अघरमा पथ, बाकुटोली से कुरकुरा पथ, बकसपुर से रनिया पथ उदाहरण है। जिसका सालों पूर्व निर्माण हुआ लेकिन अभी तक ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिला है, जबकि पथ निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व ही 80% तक का भुगतान करने के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू करना है। मुआवजा राशि का जल्द भुगतान हेतु यथाशीघ्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**अवैध वसूली :** निर्धारित प्रिंट मूल्य से अधिक दाम पर बेची जा रही है अधिकृत दुकानों में शराब

# अधिकारियों की चुप्पी कुछ और कर रही है इशारा

### गुमला जिले से सालाना एक करोड़ 55 लाख 88000 की अवैध वसूली कर रही है खुदरा शराब विक्रेता बिजन कंपनी

**आफताब अंजुम**



### क्या कहते हैं उत्पाद सुप्रीटेंडेंट

**उत्पाद सुप्रीटेंडेंट छितिज विजय मिंज के कार्यालय पहुंचने पर वह कार्यालय में नहीं मिले। दूरभाष पर अधीक्षक ने बताया कि वह रेड पर निकले हैं।**

### क्या कहते हैं विजेन कंपनी के फील्ड मैनेजर

**इस बाबत पूछने पर बताया गया कि फिल्हाल सूरज सिंह नामक एक व्यक्ति विजन कंपनी का काम गुमला जिले में देख रहा है। सूरज सिंह से उनके नंबर पर उनकी प्रतिक्रिया लेने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने साफ कह दिया कि वह विजन नामक किसी शराब विक्रेता कंपनी में काम ही नहीं करते हैं। जबकि उन्हीं की कंपनी के पदाधिकारी कह रहे हैं कि सूरज झूठ बोल रहा है।**

**गुमला।** जिले में विदेशी शराब प्लेसमेंट कंपनी विजन के द्वारा जिला के सभी खुदरा विदेशी शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक मूल्य में शराब बेची जा रही है। एजेंसी के द्वारा सेल्समेन पर दवाव बनाया जाता है। नहीं बात मानने पर काम से निकाल देने धमकी दी जाती है। मजबूरन सेल्समैन को अधिक मूल्य पर शराब बेचनी पड़ती है। जिसके कारण अक्सर ग्राहक और सेल्समैन के बीच रेट को लेकर झड़प होती रहती है। प्रत्येक बोतल पर 10 से 20 रु. तक ज्यादा पैसा वसूला जा रहा है। सेल्समैन से एमआरपी से ज्यादा मूल्य लेने का कारण पूछने पर बताते हैं कि कंपनी का ही आदेश है। इसलिए हम लोग एमआरपी से ज्यादा मूल्य ले रहे हैं। वसूली का पैसा प्रतिदिन कंपनी के वर्कर दुकान में आकर सेल के अनुसार 3% पैसा ले जाते हैं। बाकी पैसा हम लोग आपस में बांट लेने को कहते हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर शराब दुकान के सेल्समैन ने बताया कि जिला में 13 विदेशी शराब की दुकानें हैं। अभी सीजन डाउन चल रहा है तो प्रतिदिन का सेल 1,00000 प्रति दुकान तो 13 दुकान में 13 लाख रुपया का रोजाना सेल होता है। जिसका 3 प्रतिशत 43300 रुपया होता है और एक महीना में 12 लाख 99 हजार रुपया होता है। और एक साल में एक करोड़ 55 लाख 88000 हजार का सालाना पूरे जिले के दुकान से अवैध रूप से वसूला जा रहा है। और यह सब जानते हुए जिले के तमाम अधिकारी व उत्पाद अधीक्षक मौन बैठे हुए हैं। लोग तो यह भी शंका जाहिर कर रहे हैं कि कमिशन का पैसा तमाम अधिकारी व उत्पाद अधीक्षक को जाता है। इस कारण ना तो ये शराब दुकान की रूटिंग चेकिंग करते हैं और ना ही आज तक ग्राहकों की परेशानी को समझ पाए हैं।

**कुछ भी बताने से भाग रहे हैं सरकारी व विजन कंपनी के पदाधिकारी :** इस संबंध में कुछ भी बोलने से सरकारी अधिकारी पदाधिकारी के साथ-साथ विजन कंपनी के पदाधिकारी व कर्मचारी भाग रहे हैं। सुना तो यह भी जा रहा है कि यह अधिकारी पदाधिकारी दूसरों को यह कहते हैं कि ऊपर से लेकर नीचे तक सारी सेटिंग है। अवैध वसूली का पैसा ऊपर से लेकर नीचे तक पहुंच रहा है। इसलिए उनका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### तीन वर्षीय बच्चे के जबड़े में फंसी एयरगन की गोली, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना के हुसैन नगर निवासी तीन वर्षीय बच्चे ने घर में रखे एयर गन लेकर अपने मुंह में डालकर गोली चला दी, जिससे एयर गन की गोली उसके मुंह के जबड़े में फंस गई। तत्काल परिजनों द्वारा बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आगे की इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना बुधवार की रात 9:00 बजे की है। इसके बाद परिजनों द्वारा एंबुलेंस से घायल बच्चे को रिम्स रांची ले जाया गया। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में खेलते खेलते बच्चे को एयर गन मिला, जिसे वह अपने मुंह में डाल लिया और गोली चला दी।

## अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर डीएमओ की कार्रवाई जारी

# फर्जी चालान बनाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

- फर्जी चलान पर खनिज ढो रहे दो हाइवा वाहन जब्त
- वाहन मालिक, चालक- शामिल लोगों पर प्राथमिकी दर्ज
- सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर बनाया गया फर्जी चलान

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) आनंद कुमार की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने सरकारी दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी चालान बना कर पत्थर चिप्स ले जा रहे दो हाइवा मालिक एवं चालक पर हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। साथ ही ऐसे कार्य में संलिप्त सभी व्यक्तियों को अविलंब चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### फर्जी चलान बनाने का ऐसे हुआ खुलासा

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर डीसी के दिए गए निर्देश के आलोक में हरिहंगज चेकनाका के पास अंचलाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच वाहन संख्या जेएच 02 एटी-1843 एवं वाहन संख्या जेएच 03 क्यू-0562 पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया। जिसके बाद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने वाहन चालक से कागजात की मांग की। पर वाहन चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजात को देखने के बाद संदेह हुआ, जिसके बाद हाइवा को चिप्स समेत जब्त कर थाने ले जाया गया। इसके बाद सीओ की ओर से जांच को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गयी। डीएमओ द्वारा जेम्स पोर्टल पर जांच किया गया तो पाया कि ई-परिवहन चलान 25 दिन पूर्व का है, जबकि वाहन संख्या जेएच 03क्यू- 0562 द्वारा उपलब्ध कराया गया चलान पूर्ण रूप से फर्जी पाया गया। जिस पर डीएमओ ने अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक एवं चालक पर हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। वहीं, डीसी ने कहा कि सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी चलान बनाना काफी संवेदनशील मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फर्जी चालान बनाने वालों की जांच की जा रही है एवं इस कार्य में संलिप्त व्यक्ति किसी भी कीमत पर बख्सें नहीं जाएगें।

## मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग घायल थाना में शिकायत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दंगवार गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों ओर से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष के दंगवार गांव निवासी धर्मराज सिंह और प्रह्लाद कुमार, जबकि दूसरे पक्ष से पुनम देवी, कांति देवी और संतोष कुमार सिंह शामिल है। बताया गया कि विवादित जमीन पर घर बना रहे दूसरे पक्ष से विवाद को लेकर कहासुनी के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गयी। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।

## सभी पीडीएस डीलर पूजा के पूर्व सभी लाभुकों के बीच राशन वितरण करना सुनिश्चित करें : डीएसओ

राशन कार्डधारियों को मिली बड़ी राहत, लाभुक सितंबर महीने के राशन का उठाव 29 अक्टूबर तक कर सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग ने दुर्गापूजा को देखते हुए राशन कार्डधारियों को बडी राहत दी है। विभाग ने सितंबर महीने का खाद्यान वितरण को लिए 29 अक्टूबर तक अवधि विस्तार की घोषणा की है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि वर्तमान में सितंबर और अक्टूबर महीने का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका विकल्प पूरे अक्टूबर महीने तक है। सभी लाभुक अपने पीडीएस डीलर से संपर्क कर सितंबर और अक्टूबर माह का खाद्यान्न का उठाव कर सकेंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिले के सभी पीडीएस डिलरों को निर्देश दिया कि लाभुकों को सितंबर और अक्टूबर महीने का राशन दें। उन्होंने सभी डीलरों को राशन का वितरण पूजा के पूर्व करने की बात कही है, ताकि सभी लाभुकों को त्योहार मनाने में कोई कठिनाई ना हो। यदि विक्रेताओं की ओर से खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने और किसी भी प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती है तो जांच के पश्चात उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल से मिले विधायक, हुसैनाबाद की जन समस्याओं से कराया अवगत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक कमलेश कुमार सिंह व एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सिंह गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में जाकर मुलाकात की। उन्होंने हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की दो बड़ी समस्याओं को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। उसमें पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद के झरहा गांव में एक साल से बनकर तैयार डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं होने की जानकारी थी। साथ ही उन्होंने नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर की नियुक्ति नहीं होने से हुसैनाबाद क्षेत्र का इकलौता एके सिंह डिग्री कॉलेज में भी पठन-पाठन की प्रक्रिया प्रभावित होने की जानकारी दी। लगे हाथ 80 फीसदी कृषि पर निर्भर हुसैनाबाद विधनसभा क्षेत्र में झारखंड सरकार द्वारा पिछले एक महीने से यहां पांच प्रखंड सह अंचल कार्यालय में चार में अंचल पदाधिकारी, दो में बीडीओ के अलावा हुसैनाबाद अनुमंडल में एसडीपीओ की पदस्थापना नहीं होने की जानकारी दी गई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्यपाल हुसैनाबाद-हरिहरगंज की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर समाधान का प्रयास करेंगे।

## कुआं से मिला बच्चे का शव, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के पिपरा घाघरा गांव में स्थित एक जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े कुआं से गुरुवार को आठ साल के बच्चे का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान लंगुराही गांव निवासी नंदकेश्वर भुईयां के बेटे संदीप कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम पड़ोस में ही रहने वाले पिपरा घाघरा गांव निवासी युगेश भुईयां का पुत्र 22 वर्षीय संदीप भुईयां बच्चे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर स्वजन उसकी खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में आसपास के लोगों ने कुआं में कुछ गिरने की आवाज सुनने की बात कही। ग्रामीणों ने पंप के सहारे रात में ही कुआं के पानी को सूखाया। घंटों मशक्कत के बाद गुरुवार अहले सुबह शव निकाला जा सका। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बच्चे को साथ ले गये युवक की जमकर पिटाई भी की। इसकी सूचना पाकर एसआई अनूप कुमार, निरंजन कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार दास मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामला दर्ज कर सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## मनातू में नये बीडीओ ने संभाला पदभार

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सच्चिदानंद महतो से गुरुवार को नए बीडीओ बिनोद कुमार सिंह ने अपना पद भार ग्रहण किया। इस मौके पर सच्चिदानंद महतो ने नए बीडीओ बिनोद कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभार ग्रहण करते ही बिनोद कुमार ने प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ बैठक की। कहा कि प्रखंड के अंतिम पायदान तक विकास पहुंचना चाहिए तभी प्रखंड विकसित होगा। इसके लिए सभी कर्मी को मिल-जुलकर काम करना होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी कहा कि प्रखंड की किसी भी समस्या के लिए जनता खुद उसने मिले। किसी भी बिचौलिया का सहारा लेने की जरूरत नहीं है। सभी की समस्या का समाधान होगा।

## आरसीयू विश्वविद्यालय सभागार में वुशु एसोशिएशन का गठन

# कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया खेलो झारखंड के वुशु एसोशिएशन की बैठक हुयी। जिसमें वुशु एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को अध्यक्ष व डॉ नजरुल हक को सचिव बनाया गया। साथ ही खेलो इंडिया खेलो झारखंड के राष्ट्रिय प्रशिक्षक डॉ अज्जो सिद्धिकी द्वारा डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को वुशु एसोशिएशन का संबद्धता पत्र दिया गया। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा प्रयास होगा की वुशू मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिमा दिखाने में सक्षम बनाना है। साथ ही समाज में बढ़ रहे अपराध को देखते हुए विद्यार्थियों को आत्माक्षा के लिए शिक्षा के साथ ही कराटे और बाक्सिंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष गुप्ता और राजू केशरी आदि थे।

## हुसैनाबाद के मजदूर की श्रीलंका में मौत, गांव में शोक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत के भगवान बिगहा गांव निवासी राम स्वरूप राम के 33 वर्षीय पुत्र युगल राम की श्रीलंका में काम करने के दौरान मौत हो गई। वह जनवरी 2023 में ही श्रीलंका गया था और अशोक टीएमटी नामक लोहे की कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि कंपनी के मैनेजर ने घर वालों को फोन पर मारे जाने की जानकारी दी। बताया कि सीने में दर्द होने के बाद युगल राम की मौत हो गई। पेशे से मजदूर युगल राम की पत्नी ललिता देवी का रो रो कर बुरा हाल है। ललिता ने अपने पति का पार्थिव शरीर लाने के लिए सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई है। गुरुवार को परिवार के कुछ सदस्य पलामू डीसी को लिखित आवेदन देकर श्रीलंका से पार्थिव शरीर मंगवाने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की टीम ने मृतक मजदूर का शव लाने का आश्वासन दिया है। विभाग की ओर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


प्रपत्र VII

समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 897/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 07/10/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0) हेतु ग्राम–कमता, थाना नं0–309, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में कुल :– **1.7631** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.7631** एकड़ है और जो ग्राम–कमता, थाना नं0–309, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21 | 21 | रैयती | टाड़ दो | 0.1540 | ललिता देवी पति–नन्द गोपाल तिवारी व गिरजा देवी पति–नवरंग तिवारी | 21 | सड़क | 22 | डुमरीया |
| 2 | 20 | 22 | रैयती | टाड़ दो | 0.0350 | असलम खां वगै0 पिता–मुसलिन खां व महफुज खां वगै0 पिता–हाफिज खां | 22 | सड़क | 26 | 21 |
| 3 | 26 | 26 | रैयती | टाड़ दो | 0.0300 | इसहाक खां वगै0 पिता–स्व0 इसराफील खां व असलम खां पिता–मुसलिन खां व सिराजुदीन खां पिता–छेदी खां | 26 | सड़क | 27 | 22 |
| 4 | 80 | 27 | रैयती | टाड़ दो | 0.0300 | सिराजुदीन खां पिता–छेदी खां | 27 | सड़क | 28 | 26 |
| 5 | 9 | 28 | रैयती | टाड़ दो | 0.0190 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां व नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | 28 | सड़क | 29 | 27 |
| 6 | 3 | 29 | रैयती | टाड़ दो | 0.0240 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां व नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | 29 | सड़क | 30 | 28 |
| 7 | 5 | 30 | रैयती | टाड़ दो | 0.0220 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां व नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | 30 | सड़क | 30 | 29 |
| 8 | 34 | 31 | रैयती | टाड़ दो | 0.0230 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां व नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | 31 | सड़क | 32 | 30 |
| 9 | 7 | 32 | रैयती | टाड़ दो | 0.0740 | बसीरूदीन खां व इमामुदीन खां पिता–स्व0 लतिफ खां | 32 | सड़क | 38 | 31 |
| 10 | 7 | 32 | रैयती | टाड़ दो | 0.0150 | साकिर खां पिता–अलीजामा खां | | | | |
| 11 | 38 | 38 | रैयती | टाड़ दो | 0.0370 | मो0 इसहाक खां पिता–इसराफिल खां व सकीर खां पिता–अलिजामा खां | 38 | सड़क | 40 | 32 |
| 12 | 38 | 38 | रैयती | टाड़ दो | 0.0090 | मो0 मोख्तार खां व मो0 नेसार खां पिता–तहउअर खां | | | | |
| 13 | 1 | 40 | रैयती | टाड़ दो | 0.0430 | मो0 मोख्तार खां व मो0 नेसार खां पिता–तहउअर खां | 40 | सड़क | 42 | 38 |
| 14 | 49 | 42 | रैयती | टाड़ दो | 0.0650 | अयोध्या पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 राजेन्द्र पाण्डेय | 42 | सड़क | 53 | 40 |
| 15 | 34 | 53 | रैयती | टाड़ दो | 0.0050 | मुमताज खां पिता–स्व0 काबुदीन अंसारी | 53 | सड़क | 61 | 42 |
| 16 | 55 | 61 | रैयती | टाड़ दो | 0.0300 | ओम प्रकाश पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 सुरेश पाण्डेय | 61 | सड़क | 62 | 53 |
| 17 | 22 | 62 | रैयती | टाड़ दो | 0.0120 | ओम प्रकाश पाण्डेय बगै0 पिता–स्व0 सुरेश पाण्डेय | 62 | सड़क | 63 | 61 |
| 18 | 26 | 63 | रैयती | धान दो | 0.0110 | ओम प्रकाश पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 सुरेश पाण्डेय | 63 | सड़क | 64 | 62 |
| 19 | - | 64 | रैयती | टाड़ दो | 0.0110 | अवधेश पाण्डेय पिता–स्व0 प्यारी पाण्डेय | 64 | सड़क | 65 | 63 |
| 20 | 38 | 65 | रैयती | टाड़ दो | 0.0380 | विनय पाण्डेय पिता–स्व0 नरेश पाण्डेय | 65 | सड़क | 67 | 64 |
| 21 | 86 | 67 | रैयती | टाड़ दो | 0.0380 | विजय पाण्डेय व संजय पाण्डेय व विनय पाण्डेय पिता–स्व0 नन्द कुमार पाण्डेय | 67 | सड़क | 66 | 65 |
| 22 | 86 | 67 | रैयती | टाड़ दो | 0.0400 | नारद पाण्डेय पिता–राम रतन पाण्डेय | | | | |
| 23 | 69 | 556 | रैयती | टाड़ तीन | 0.0640 | विरेन्द्र पाण्डेय व सुरेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 अवध बिहारी पाण्डेय | 556 | सड़क | 555 | 66 |
| 24 | 18 | 565 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0040 | ललन पाण्डेय पिता–स्व0 जय सुन्दर पाण्डेय व सुशील पाण्डेय व सुधीर पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय व जितेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 विद्यार्थी पाण्डेय व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 गुप्तेश्वर पाण्डेय | 565 | सड़क | 568 | 585 |
| 25 | 27 | 570 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0310 | ललन पाण्डेय पिता–स्व0 जय सुन्दर पाण्डेय व सुशील पाण्डेय व सुधीर पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय व जितेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 विद्यार्थी पाण्डेय व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 गुप्तेश्वर पाण्डेय | सड़क | 570 | 568 | 372 |
| 26 | 85 | 574 | रैयती | परती कदीम | 0.0100 | ललन पाण्डेय पिता–स्व0 जय सुन्दर पाण्डेय व सुशील पाण्डेय व सुधीर पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय व जितेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 विद्यार्थी पाण्डेय व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 गुप्तेश्वर पाण्डेय | सड़क | 574 | 573 | 576 |
| 27 | 77 | 573 | रैयती | परती कदीम | 0.0210 | ललन पाण्डेय पिता–स्व0 जय सुन्दर पाण्डेय व सुशील पाण्डेय व सुधीर पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय व जितेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 विद्यार्थी पाण्डेय व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 गुप्तेश्वर पाण्डेय | सड़क | 573 | 572 | 574 |
| 28 | 20 | 572 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0160 | ललन पाण्डेय पिता–स्व0 जय सुन्दर पाण्डेय व सुशील पाण्डेय व सुधीर पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय व जितेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 विद्यार्थी पाण्डेय व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 गुप्तेश्वर पाण्डेय | सड़क | 572 | 570 | 573 |
| 29 | 43 | 100 | रैयती | टाड़ दो | 0.0141 | गिरजा देवी पति–नवरंग तिवारी व ललीता देवी पति नन्द गोपाल तिवारी | सड़क | 100 | 104 | 99 |
| 30 | 55 | 104 | रैयती | टाड़ दो | 0.0150 | मो0 इद्रीश खां पिता–स्व0 मजलुम खां व रोज मोहम्मद वगै0 पिता–स्व0 अजमुदीन खां व नूर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | सड़क | 104 | 105 | 100 |
| 31 | 34 | 105 | रैयती | टाड़ दो | 0.0430 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | सड़क | 105 | 170 | 104 |
| 32 | 3 | 170 | रैयती | टाड़ दो | 0.0490 | रोज मोहम्मद खां व वेसी अहमद खां व फसी अहमद व मसी अहमद पिता–अजमुदीन खां व नूर आलम खां व मंसूर आलम खां व वजीर आलम खां पिता–तजीमुदीन खां | सड़क | 170 | 171 | 105 |
| 33 | 49 | 171 | रैयती | टाड़ दो | 0.0390 | मो0 नजीबुल्लाह खां वगै0 पिता–स्व0 एनुल्लाह खां | सड़क | 171 | 173 | 170 |
| 34 | 82 | 173 | रैयती | टाड़ दो | 0.0210 | मो0 नजीबुल्लाह खां वगै0 पिता–स्व0 एनुल्लाह खां | सड़क | 173 | 174 | 171 |
| 35 | 43 | 174 | रैयती | टाड़ दो | 0.0210 | मो0 नजीबुल्लाह खां वगै0 पिता–स्व0 एनुल्लाह खां | सड़क | 174 | 175 | 173 |
| 36 | 58 | 175 | रैयती | टाड़ दो | 0.0270 | मो0 नजीबुल्लाह खां वगै0 पिता–स्व0 एनुल्लाह खां | सड़क | 175 | 176 | 174 |
| 37 | 80 | 176 | रैयती | टाड़ दो | 0.0240 | मो0 इस्तेयाक खां पिता–स्व0 मो0 मासुक खां | सड़क | 176 | 177 | 175 |
| 38 | 25 | 177 | रैयती | टाड़ दो | 0.0130 | एनामुल हक पिता–स्व0 अबुतालिक खां | सड़क | 177 | 178 | 176 |
| 39 | - | 178 | रैयती | टाड़ दो | 0.0390 | राम कृष्ण पाण्डेय व बैकुन्द पाण्डेय पिता–स्व0 देव नन्दन पाण्डेय | सड़क | 178 | 185 | 177 |
| 40 | 1 | 185 | रैयती | टाड़ दो | 0.0220 | राम कृष्ण पाण्डेय व बैकुन्द पाण्डेय पिता–स्व0 देव नन्दन पाण्डेय | सड़क | 185 | 186 | 178 |
| 41 | 38 | 186 | रैयती | धान दो | 0.0260 | राम कृष्ण पाण्डेय व बैकुन्द पाण्डेय पिता–स्व0 देव नन्दन पाण्डेय | सड़क | 186 | 187 | 185 |
| 42 | 27 | 187 | रैयती | टाड़ दो | 0.0420 | राम कृष्ण पाण्डेय व बैकुन्द पाण्डेय पिता–स्व0 देव नन्दन पाण्डेय | सड़क | 187 | 188 | 186 |
| 43 | 28 | 188 | रैयती | टाड़ दो | 0.0190 | बसीरूदीन खां पिता–स्व0 अजीमुदीन खां | सड़क | 188 | 372 | 187 |
| 44 | 55 | 371 | रैयती | टाड़ दो | 0.0200 | भरत उपाध्याय पिता–स्व0 चन्द्रिका उपाध्याय | सड़क | 373 | 374 | 366 |
| 45 | 80 | 373 | रैयती | टाड़ दो | 0.0730 | अवधेश पाण्डेय पिता–स्व0 प्यारी पाण्डेय | 374 | सड़क | 375 | 373 |
| 46 | 43 | 374 | रैयती | टाड़ दो | 0.0160 | सत्यनारायण पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 अलखनारायण पाण्डेय | सड़क | 375 | 376 | 374 |
| 47 | 55 | 375 | रैयती | टाड़ दो | 0.0170 | अवधेश पाण्डेय पिता–स्व0 प्यारी पाण्डेय | सड़क | 376 | 377 | 375 |
| 48 | 1 | 376 | रैयती | टाड़ दो | 0.0120 | अवधेश पाण्डेय पिता–स्व0 प्यारी पाण्डेय | सड़क | 377 | 378 | 376 |
| 49 | 38 | 377 | रैयती | टाड़ दो | 0.0120 | सत्यनारायण पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 अलखनारायण पाण्डेय | सड़क | 378 | 379 | 377 |
| 50 | 78 | 378 | रैयती | टाड़ दो | 0.0270 | रामेश्वर उपाध्याय वगै0 पिता–स्व0 कौलेश उपाध्याय | सड़क | 379 | 380 | 378 |
| 51 | 18 | 379 | रैयती | टाड़ दो | 0.0170 | सत्यनारायण पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 अलखनारायण पाण्डेय | सड़क | 380 | 383 | 379 |
| 52 | 80 | 380 | रैयती | टाड़ दो | 0.0200 | आनन्द कुमार पाण्डेय पिता–श्री विश्वनाथ पाण्डेय | सड़क | 383 | 384 | 380 |
| 53 | 5 | 383 | रैयती | टाड़ दो | 0.0150 | विश्वनाथ पाण्डेय पिता–स्व0 लोकनाथ पाण्डेय | सड़क | 384 | 391 | 383 |
| 54 | 49 | 384 | रैयती | टाड़ दो | 0.0200 | विश्वनाथ पाण्डेय पिता–स्व0 लोकनाथ पाण्डेय | सड़क | 391 | 402 | 384 |
| 55 | 9 | 391 | रैयती | टाड़ दो | 0.0240 | अवधेश पाण्डेय पिता–स्व0 प्यारी पाण्डेय | सड़क | 402 | 541 | 391 |
| 56 | 43 | 402 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0255 | मुरारी पाण्डेय पिता–स्व0 कुलदीप पाण्डेय | सड़क | 373 | 374 | 366 |
| 57 | 43 | 402 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0075 | ओम प्रकाश पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 सुरेश पाण्डेय | | | | |
| 58 | 24 | 541 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0160 | भोलानाथ पाण्डेय व हृदयानन्द पाण्डेय व उमेश पाण्डेय पिता–स्व0 रामजी पाण्डेय मुरारी पाण्डेय पिता–स्व0 कुलदीप पाण्डेय संजय पाण्डेय व सुनील पाण्डेय पिता–स्व0 रामजग पाण्डेय | सड़क | 541 | 542 | 402 |
| 59 | 27 | 542 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0480 | भोलानाथ पाण्डेय व हृदयानन्द पाण्डेय व उमेश पाण्डेय पिता–स्व0 रामजी पाण्डेय मुरारी पाण्डेय पिता–स्व0 कुलदीप पाण्डेय संजय पाण्डेय व सुनील पाण्डेय पिता–स्व0 रामजग पाण्डेय | सड़क | 542 | 577 | 541 |
| 60 | 55 | 390 | रैयती | टाड़ दो | 0.0250 | राम विनय पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 राम नरेश पाण्डेय | सड़क | 390 | 391 | 385 |
| 61 | 80 | 95 | रैयती | टाड़ दो | 0.0430 | सत्यनारायण पाण्डेय वगै0 पिता–स्व0 अलखनारायण पाण्डेय | 95 | सड़क | 556 | 96 |
| | | | | | **1.7631** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–कमता, थाना नं0–309, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.309005 Land Reforms(23-24):D

**चिंता : झरिया में बढ़ते प्रदूषण पर चर्चा करने सेमिनार में जुटे सरयू राय, विजय झा सहित कई पर्यावरणविद**

# आउटसोर्सिंग कंपनियां प्रदूषण-कोयला चोरी के लिए है जिम्मेवार : सरयू राय

## हालात ऐसे ही खराब होते रहे तो हम सभी को अपनी पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना होगा : विजय झा

**सेमिनार में मत काटो मुझे दुखता है, नाटक का मंचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ग्रीन लाइफ एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में धनबाद नगर निगम के सहयोगी गैर सरकारी संस्था असर के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु एवं झरिया में प्रदूषण विषय पर गुरुवार को अग्रवाल धर्मशाला में जागरूकता सेमिनार वायु मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय से चयनित बाल संसद के पर्यावरण मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बारी-बारी से अपनी बात रखते हुए प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव व उसके समाधान पर प्रकाश डाला। साथ ही इस जटिल समस्या से लड़ने के लिए पूरे शहरवासी से एकत्रित होने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित दामोदर बचाव अभियान के संयोजक सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू रॉय, धनबाद जिले के समाजसेवी विजय झा, आइआइटी आइएसएम के प्रोफेसर डॉ प्रमोद पाठक, नगर निगम की सहयोगी संस्था असर की झारखंड-बिहार प्रभारी अंकिता ज्योति, प्रतीक वर्मा,



सेमिनार को संबोधित करते विधायक सरयू राय व मंच पर उपस्थित गणमान्य।

मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, झरिया कोलफील्ड बचाव समिति के उपाध्यक्ष शिवबालक पासवान, ग्रीन लाइफ संस्था के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद सहित बड़ी संख्या में वायु मित्र उपस्थित थे। इस अवसर पर इप्टा के कलाकारों द्वारा मत काटो मुझे दुखता है पर्यावरण गीत पर नाट्य मंचन किया गया जो दर्शकों को द्रवित कर गया। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण और भविष्य में पेड़ नहीं होंगे तो उसका मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को भी दर्शाया गया। इप्टा के इसरार आलम, सिराज कुरैशी, राजेश गोस्वामी और दो बच्चियों द्वारा नाटक का मंचन किया गया। दूसरी ओर अपने संबोधन में विधायक सरयू रॉय ने कहा कि जिन अधिकारियों के जिम्मे प्रदूषण को कम करने के लिए पैसे खर्च करने की जिम्मेवारी है उन्हें ही प्रदूषण का असल कारण नहीं पता है। सबसे पहले जिम्मेदारों को यह जानना होगा कि किस स्थान में कितना प्रदूषण है और उसका कारण क्या है। हालत यह हैं कि जिम्मेदारों के पास प्रदूषण वाले क्षेत्रों का कोई सही डाटा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हम सभी को अपनी समझदारी विकसित करनी होगी। हम सभी चर्चा खूब करते हैं। एक से बढ़कर एक बातें होती हैं मगर उन बातों को लागू कितना कर पाते हैं यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक ओर हम विकास के नाम पर बोल रहे हैं कि प्रदूषण फैलाओ और दूसरी ओर यहां प्रदूषण के खिलाफ मीटिंग कर रहे हैं। इस अवसर पर, सरयू रॉय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कोयलांचल में कोयला खनन में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियां हवा को तो प्रदूषित कर ही रही हैं कोयला चोरी का मुख्य कारण भी हैं। यह कंपनियों अपने लीज क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट, ड्रोन से निगरानी, सीसीटीवी की व्यवस्था कर दें तब ये कह सकते हैं कि हमारा क्षेत्र ठीक है। बाहर में प्रशासन देखे। यह सिर्फ मुनाफा कमाने वाली कंपनियां हैं। इनकी गतिविधि से जनता को होने वाले नुकसान से कोई मतलब नहीं है। पहले व्यवसाय में शुभ-लाभ की बात होती थी। अब लोभ लाभ की बात हो रही है।

उन्होंने जिला प्रशासन, बीसीसीएल अधिकारी और स्थानीय नेताओं को आड़े हाथों लिया। वहीं, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा ने कहा कि पूरे विश्व में आज सबसे ज्यादा प्रि मचुअर्ड डिलीवरी हमारे देश में हो रही है। यह डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट है। पूरे देश में सबसे प्रदूषित शहरों में धनबाद शुमार है। अगर ऐसा ही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब स्कूली बच्चों की तरह हमें अपनी पीठ पर बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना होगा। खनन में लगी कंपनियों को मानकों का पालन करना होगा तभी इस समस्या से निजात मिल सकता है। उन्होंने कहा कि खर्च कम करने के नाम पर बीसीसीएल द्वारा अंडरग्राउंड खदानों को बंद कर ओपनकास्ट खदानों की शुरूआत हुई। दूसरी ओर सरकारों को पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए हजारों करोड़ो खर्च करना पड़ रहा है। इससे अच्छा यह है कि उन पैसों से अंडरग्राउंड खदान फिर से चालू की जाए।

## पांच महीने की नवजात बच्ची को मां ने गहरी खदान में फेंका, हुई मौत

**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कहते है मां ममत्व और वात्सल्य मयी होती है। लेकिन गुरुवार को दिनदहाड़े एक निर्दयी मां ने पांच महीने की एक नवजात बेटी को पानी से भरे गहरे खदान में फेंक कर जंगल के रास्ते भाग गयी। यह दर्दनाक घटना खदान के दूसरी तरफ नहा रहें दो युवको ने देख लिया। उन युवकों ने पानी में डूब रही बच्ची को बचाने की कोशिश की। किसी तरह युवकों ने बच्ची को बाहर तो निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। यह हृदयविदारक घटना सुबह 11 बजे घटित हुई। यह खदान चंद्रपुरा थाना अंतर्गत सीसीएल तारमी साईडिंग के छह नंबर की है। घटना की जानकारी चंद्रपुरा पुलिस को दी गयी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अपने साथ ले गयी। लगे हाथ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि घटना को अंजाम देने वाली महिला की पहचान नहीं हो सकी है। खदान में नहा रहे युवकों ने बताया कि एक महिला को उन लोगों ने दूर से जंगल के रास्ते गहरे पानी में फेंक कर भागते हुए देखा है। उन लोगों ने बच्ची को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन तब तक बच्ची दम तोड चूकी थी।

## 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा उर्स



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद कोलियरी कार्यालय परिसर में गुरुवार को मुस्लिम कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता लोयाबाद कोलियरी पीओ नारायण प्रसाद ने की। बैठक में सभी संप्रदाय के लोगों ने शिरकत की। जिसमें हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। लोयाबाद ईदगाह के समीप स्थित बाबा के मजार पर उर्स मुबारक सभी संप्रदाय के लोग मिलकर मनाते हैं। मुस्लिम कमेटी के महामंत्री मो असलम मंसूरी द्वारा उर्स के साथ ही सालाना आमद व खर्च का हिसाब भी पेश किया गया। उर्स 28 अक्टूबर से दो नवंबर तक चलेगा। कोलियरी पीओ नारायण प्रसाद ने कहा कि यहां हाल में ही उन्होंने पदभार ग्रहण किया है। लोगों के विचार सुनने के बाद लगा कि लोयाबाद में लोग भाईचारे के साथ रहते हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। जहां तक हो सकेगा वह हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। बैठक का संचालन सुनिल पांडेय ने की। बैठक में प्रबंधक संजय नंदा, अभियंता तरुण कुमार, सर्वे अफसर अरविन्दो घोष, कार्मिक पदाधिकारी तारा सिंह, कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राज कुमार महतो, जय प्रकाश पांडे, विजेंद्र पासवान, सोहन महतो, राजेंद्र पासवान, क्यूम आलम, मनोज मुखिया, रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, रंजीत साहनी, आजाद आसवी, गुलाम जिलानी, अब्दुल रउफ अंसारी, जहांगीर अंसारी, शमशाद अंसारी और विनोद पासवान आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय स्व किशुन हाड़ी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** एकड़ा फुटबॉल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय स्व किशुन हाड़ी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। इस दिन हुए फाइनल मुकाबले में महारानी क्लब ने फेमस क्लब धनबाद को 2-0 से पराजित कर विजेता बना। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रर्दशन किया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–समिमा खातुन, उम्र–25 वर्ष, रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट, पहनावा–पीला रंग का सवार सुट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला समिमा खातून, पिता–मो0 खलील पता–इलाही बक्स कॉलोनी खोरहा टोली कोकर थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–10.08.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना सनहा संख्या–34/2023 दिनांक–13.08.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक सदर, राँची। –9431102090
पु0नि0 सह–थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 308983 Police(23-24)#D


**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बोकारो में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला बुलडोजर, दर्जनों घर हुए जमींदोज



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला के सेक्टर-4 स्थित होटवार कॉलोनी में बीएसएल की अतिक्रमित भूमि पर मजिस्ट्रेट अंचल अधिकारी और दिवाकर दूबे की अगुवाई में गुरुवार को बुलडोजर चलाकर तीन दर्जन से अधिक घरों को जमींदोज कर दिया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिला प्रशासन के सा ही बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे। इस दौरान लाखों रुपए के समान भी नष्ट हो गए। हालांकि पुलिसकर्मी और अतिक्रमणकारियों ने घरों में रखे सामानों को हटाना शुरू कर दिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान मुख्य मार्ग से 25 मीटर की दूरी तक चलाया गया। इस अवधि में जितने घर थे सभी को जेसीबी मशीनों से तोड़ दिया गया। अवैध रूप से रह रहे लोगों का इस करवाई से रो रोकर बुरा हाल है। इस बाबत जानकारी देते हुए महाप्रबंधक नगर सेवा एके सिंह ने कहा कि यह अतिक्रमण पानी के पाइप लाइन, बिजली और गैस सर्विस लेन में किया गया था, जिस कारण नगरवासियों को सर्विस देने में परेशानियां हो रही थी। इसी कारण यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे से 25 मीटर तक सर्विस लेन है। लिहाजा 30 मीटर तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

## दुर्गापूजा के दौरान उपद्रवियों पर रहेगी पैनी नजर : आशीष कुमार



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट ओपी परिसर में गुरुवार को दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी आशीष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर शांति पूर्वक त्योहार मनायें. किसी प्रकार का उपद्रव ना हो इसके लिए सभी शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में जो भी समस्या हो थाना प्रभारी को अवगत करायें। थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों और सरकार के दिशा निर्देश और गाइडलाइन आते ही सूची सभी को उपलब्ध करा दी जाएगी। दुर्गापूजा समिति के सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंडालो में उचित व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाए। साथ ही 10-10 वालंटियर की सूची थाने को दें, ताकि सभी वालंटियर से थाना सीधे संपर्क कर सके। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर सीए प्रशांत कुमार, अनिल टुडू, नारायण प्रजापति, संतोष श्रीवास्तव, अजय प्रजापति, श्रीराम हेंब्रम, रहमतु निशा, जगदीश सिंह, सीताराम सोरेन और राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## दिव्य शक्ति कल्याण केंद्र ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**कतरास (आजाद सिपाही)।** भूली ए ब्लॉक में दिव्य शक्ति कल्याण केंद्र की ओर से गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 लोगों ने नेत्र जांच और 55 लोगों ने रक्त जांच कराया। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे संस्था के प्रमुख विष्णु सिंह ने कहा कि संस्था विगत 12 साल से क्षेत्र में समाजिक कार्यो को लेकर बढ़-चढ़ कर काम कर रही है। इस मौके पर सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान, सुमिता बरनवाल, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, रामाशीष चौहान, धीरज सिंह आदि मौजूद थे।

## पत्रकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे विधानसभा में उठा कर करूंगा सरकार का ध्यान आकृष्ट : सरयू

**झरिया प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकार गोविंदनाथ शर्मा को दी गयी श्रधांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया प्रेस क्लब सभागार में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवगंत पत्रकार गोविंदनाथ शर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू रॉय को झरिया प्रेस क्लब के सचिव शैलेंद्र जायसवाल (बंटी) ने पत्रकारों की पीड़ा से अवगत कराया। कहा कि आज पत्रकारों को देखने वाला कोई नहीं है। सरकार भी उनकी मांगों की अनदेखा कर रही है। अगर कोई पत्रकार गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाता है तो पैसों की कमी के कारण इलाज के अभाव में उसे जान गंवानी पड़ जाती है। इस पर



सरयू रॉय ने कहा कि पत्रकारों की वेदना को मैं भलिभांति समझता हूं। उनकी मांगों जायज हैं। पत्रकारों की स्वास्थ्य बीमा और सुरक्षा को लेकर विधानसभा में बात उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करूंगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को जोखिम उठाकर काम करना पड़ता है। उनका अपना भी स्वास्थ्य है। अगर सरकार उनकी इन मांगों को पूरा कर देती है तो समझेंगे कि सरकार ने आज के समय में भी अपने दायित्व का निर्वाह किया है। वहीं, समाजसेवी विजय झा ने कहा कि पत्रकार ही नहीं अन्य गरीबों को भी सरकार की तरफ से इलाज के लिए मिलने वाला सुविधा देर से मिलता है। जिस कारण असमय उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने पत्रकारों की मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार से इन मांगों को पूरा करने की मांग की। मौके पर पत्रकार बलवंत कुमार, गुड्डू वर्मा, सत्येंद्र चौहान, योगेश सोनी, करन कुमार, अभिमन्यु कुमार, मनोज शर्मा, बबन झा, संजय सिंह, श्रवण कुमार, जान मिर्जा, सत्येंद्र कुमार, अभिमन्यु प्रसाद, विकास साहूं, वीरेंद्र वर्मा, सन्नी शर्मा आदि उपस्थित थे।

**बीजीएच में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विषय पर कार्यक्रम का आयोजन**

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी: डॉ बीबी करुणामय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग की ओर से गुरुवार को परिचर्या विद्यालय सभागार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना था। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय ने कार्यक्रम का उद्घाटन परंपरागत तरीके से किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उसका मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। क्योंकि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति


मानसिर स्वास्थ्य दिवस समारोह कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक व अन्य।

को शारीरिक बीमारियों से ग्रसित होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी जीवन शैली में स्वस्थ बदलाव लाकर और सकारात्मक सोच रखकर कई सारी मानसिक समस्याओं जैसे अवसाद, भय, क्रोध आदि से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (मनोचिकित्सा) डॉ प्रभात कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ श्रवण कुमार, डॉ वर्षा घाणेकर, डॉ टीएम सिंह, डॉ पीके सरकार, डॉ सोफिया अहमद, डॉ तृप्ति चंद्रा, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ दीप्ति, डॉ सुबोध कुमार, डॉ रमेश हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

बाल संरक्षण सेवाएँ योजनान्तर्गत संचालित सम्प्रेक्षण गृह, हजारीबाग के रख–रखाव, अंतःवासियों के लिए खाद्य/अखाद्य सामग्री, वस्त्र एवं बेडिंग, उपस्कर, खेल सामग्री आदि तथा गृह सहित समाज कल्याण विभागीय अन्य इकाइयों में स्टेशनरी की क्रयापूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक–24.11.2023 को 12:00 बजे मध्याह्न तक जमा करेंगे तथा दिनांक–24.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्त्तें तथा क्रयापूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की सूची पूर्ववत ही रहेगी, जिसे हजारीबाग एन.आई.सी. के Website- www.hazaribag.nic.in पर अथवा जिला नजारत एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
हजारीबाग।

ह0/–
उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 308940 Women, Child Development & Social Security(23-24) D

**कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार, रॉची के राज्यादेश संख्या 26/कृषि दिनांक 08.8.2022 के आलोक में झारखण्ड के सभी जिला में चैम्बर ऑफ फार्मर्स का गठन किया जाना है।

विभागीय संकल्प के आलोक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा के पत्रांक 194 दिनांक 02.8.2023 के द्वारा चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिला स्तरीय सहयोग समिति लि0, गढ़वा का निबंधन कर लिया गया है। निबंधन के 90 दिनों के अंदर की उक्त समिति की प्रारम्भिक आम सभा किया जाना है।

प्रारम्भिक आम सभा का कार्यक्रम निम्न है –

1. दिनांक – 30.10.2023
2. समय – 11.00 बजे पूर्वाह्न
3. स्थान – कृषि विभाग, गढ़वा का सभा कक्ष।

चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिला स्तरीय सहयोग समिति लि0, गढ़वा के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय अपने सदस्य रसीद एवं आधार कार्ड के साथ भाग लेना सुनिश्चित करें।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 308992 Co-opretive (23-24)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त महिला थाना काण्ड सं0–19/2018, दिनांक–27.05.2018, धारा–327/376(2)/506/509, 3/4 पोक्सो एक्ट एवं 66(ई0)/67(ए0) आई0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभि0 1.विक्की साहु पिता–गोविन्द साहु पता–हेथु थाना–एयरपोर्ट जिला–राँची के विरूद्व माननीय Court of Sri Asif Equbal. A.J.C-IV. cum Spl Judge(POCSO) राँची के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Asif Equbal. A.J.C-IV. cum Spl Judge(POCSO) Ranchi.

Proclamation requiring the appearance of a person accused
(See Section 82 of the Criminal Procedure code)

WHEAREAS complaint has been made before me that Mahila Ps-19/2018 Vickky Sahu S/O- Govind Sahu R/O- Hethu, Thana- Airport, Dist-Ranchi, Jharkhand has committed (or is suspected to have committed) the offence of rape, punishable under section U/S- 323/376(2)/506/509 Of the Indian Penal Code, u/S- 66(E)/67/67(A) I.T Act and U/S-3/4 of POCSO Act and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said (name) cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the warrant);

Proclamation is hereby made that the said accused of Ranchi Mahila P.S case 19/18 is required to appear at 10:30 A.M, (Ranchi) before this Court (or before me) to answer the said complaint on the 15th day of July, 2022.

Dated, this 06th day of June, 2022.

AJ.C-IV, cum spl Judge(POCSO), Ranchi अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त विक्की साहु कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/Court of Sri Asif Equbal Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। –94317 70077
थाना प्रभारी महिला, राँची। –94317 06158

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 308995 Police(23-24)D

## न्यूज रील्स

### बाटला हाउस एनकाउंटर के दोषी को फांसी नहीं होगी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने 2008 के बाटला हाउस एनकाउंटर के दोषी आरिज खान को मिली फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और जस्टिस अमित शर्मा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। आरिज खान इंडियन मुजाहिदीन का आतंकी है। उस पर दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या का आरोप है। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अदालत ने 14 मार्च 2021 को आरिज को फांसी की सजा सुनायी थी, आरिज ने कोर्ट के इस फैसले को दिल्ली हाइकोर्ट में चुनौती दी थी।

### पी20 समिट में नहीं आयेंगी कनाडा सीनेट स्पीकर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने शामिल नहीं होंगी। हालांकि पहले उनके शामिल होने की बात कही गयी थी, लेकिन कनाडा-भारत विवाद के बीच उन्होंने दिल्ली नहीं आने का फैसला किया है। नरेंद्र मोदी आज इसका उद्घाटन करेंगे।

# गुजरात की दो बहादुर बेटियां हमास में आतंकियों के छुड़ा रही हैं छक्के

ऐजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस्राइल और हमास के बीच पिछले 6 दिनों से भीषण जंग चल रही है। गाजा बॉर्डर पर इसराइल ने बफर जोन बना दिया है। इस युद्ध में गुजरात की दो बेटियां निशा और रिया भी इसराइल की ओर से हमास आतंकियों के छक्के छुड़ा रही हैं। इनमें से एक यूनिट हैड है, तो दूसरी कमांडो। इन दोनों बहनों के पिता जीवाभाई मुलियासिया और सवदासभाई मुलियासिया जूनागढ़ के मनावदार तालुका के कोठाडी गांव के रहने वाले हैं। वर्षों पहले इनका परिवार इसराइल चला गया और वहां की नागरिकता हासिल कर ली। निशा मुलियादसिया जिवाभाई मुलियादसिया की बेटी हैं। वे इसराइली सेना में संचार और साइबर सुरक्षा विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य कर रही है। रिया मुलियासिया सवदासभाई मुलियासिया की बेटी है। वह कमांडो ट्रेनिंग के बाद एक स्थायी आइडीएफ सैनिक के रूप में इसराइली सेना में शामिल हो गयी। निशा तो हमास के साथ हुए पिछले युद्ध में भी शामिल थीं। उनके डिवीजन ने फिलिस्तीन में हमास के खिलाफ युद्ध में भारी नुकसान पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाई। कोठाडी के सरपंच पति रामदेभाई मुलियासिया ने बताया कि कोठाडी गांव के कई युवा 30-35 साल से इसराइल में काम कर रहे हैं। वे सभी इजराइल में सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि इसराइल में सभी पुरुषों और महिलाओं को कम से कम 24 से 32 महीने तक आइडीएफ में सेवा करने की आवश्यकता होती है। ऐसे में जीवाभाई और सवदासभाई की बेटियां इजरायली सेना में सेवारत हैं। मूल रूप से पेटलाद की रहने वाली मीनाक्षीबेन मेकवान के अनुसार, जब मिसाइल दागे जाने से पहले सायरन बजता है तो लोग घर में बने बंकर में चले जाते हैं। इसराइली सीमा पर स्थिति गंभीर है, लेकिन मध्य क्षेत्र में कोई समस्या नहीं है।




> **इसराइल में सभी पुरुषों और महिलाओं को कम से कम 24 से 32 महीने तक आईडीएफ में सेवा करने की आवश्यकता होती है।**

# सीसीटीवी के लिए वेस्टर्न डिजिटल का पर्पल पोर्टफोलियो है जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेशवर।** मॉर्डर इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट सिटी और कुशल प्रशासन पर सरकार के जोर के कारण भारतीय सीसीटीवी बाजार में 2028 तक 20. 9% सीएजीआर की उम्मीद है। हालांकि, इन सिस्टम की दक्षता इस बात पर निर्भर करती है कि सही स्टोरेज सॉल्यूशन का चुनाव किया गया है या नहीं। सीसीटीवी सिस्टम के लिए स्टोरेज सॉल्यूशन का चयन करते समय, कई कारकों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए किसी को मौसम के हिसाब से रखरखाव और डाउनटाइम को कम करने के लिए अच्छी सहनशक्ति वाले विकल्प को चुनने की जरूरत है, जैसे प्रोएक्टिव मेंटेनेंस अलर्ट के साथ आने वाला डब्ल्यूडी पर्पल माइक्रोएसडी कार्ड। एक अन्य स्टोरेज सॉल्यूशन जो इन सिस्टम की दक्षता सुनिश्चित करता है, वह है स्मार्ट वीडियो सर्विलांस हार्ड डिस्क ड्राइव (एचडीडी) का उपयोग। ये विशेष एचडीडी 24/7 सर्विलांस और रिकॉर्डिंग को पूरा करने के लिए तैयार किये गये हैं, जो स्टैण्डर्ड एचडीडी की तुलना में ज्यादा लाभ देते हैं। पर्पल माइक्रोएसडी कार्ड और सर्विलांस एचडीडी एक बड़ी और शानदार वीडियो सर्विलांस स्टोरेज सॉल्यूशन बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। स्मार्ट वीडियो सर्विलांस से कुशल यातायात प्रबंधन के लिए एक सेंट्रल स्टोरेज की आवश्यकता है इसके लिए एचडीडी जैसे स्टोरेज सॉल्यूशन को प्राथमिकता दें। वेस्टर्न डिजिटल के पर्पल प्रो एचडीडी, जैसे कि 22 मॉडल, इस उद्देश्य को साधने के लिए एक एक शानदार समाधान है। ये सर्विलांस एचडीडी 24/7 मल्टी-स्ट्रीम, मल्टी-कैमरा यूज जैसी मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किये गये हैं। सर्विलांस एचडीडी के साथ सेंट्रल स्टोरेज के अलावा, ऑन-कैमरा स्टोरेज के लिए एसडी/माइक्रोएसडी कार्ड का उपयोग किया जा सकता है। ये कार्ड 24/7 मल्टी-स्ट्रीम, मल्टी-कैमरा उपयोग के लिए भी डिजाइन किये गये हैं। ये एकल कैमरों या नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर के भीतर एक लोकल स्टोरेज ऑप्शन देते हैं, जिससे महत्वपूर्ण फुटेज तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।




# नहीं निकल रही लागत: तीन रुपये किलो का मिल रहा रेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतीसगड़।** टमाटर का उचित दाम न मिलने पर परेशान और हताश किसानों में बाजार में ही टमाटरों को फेंक दिया। किसानों का कहना है कि उनकी दाम इतने कम मिल रहे हैं कि उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है। बलरामपुर जिले की शहर नगर पंचायत रामानुजगंज में दो महीने पहले टमाटर का रेट ढाई सौ से तीन सौ रुपय किलो तक पहुंच गया था। वहीं, पिछले कुछ दिनों से लगातार टमाटर के रेट में गिरावट आ रही थी। आज स्थिति ऐसी हो गई कि रामानुजगंज के थोक सब्जी बाजार में टमाटर का थोक रेट तीन रुपये किलो हो गया है। किसानों ने इससे हताश और निराश होकर टमाटर को बीच बाजार में फेंक दिया। किसान मुकेश दास और सूरज धारकर ने बताया कि उन्होंने टमाटर की खेती करने में जितनी लागत लगाई थी।

उन्हें उसका 20 प्रतिशत भी नहीं मिल रहा है। टमाटर तोड़ने में जितना खर्चा आया है, उसका भाव भी न मिलने से परेशान और निराश हैं। इसीलिए उन्होंने टमाटर को बीच रास्ते में फेंक दिया। क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों किसानों के द्वारा टमाटर का उत्पादन किया गया है, लेकिन लगातार टमाटर का मूल्य जहां दो अंको में आ गया था वहीं कुछ दिन पहले से एक अंक में आ गया है।

**रामानुजगंज बाजार में किसानों ने फेंके टमाटर**



# केंद्र ने एस जयशंकर की सुरक्षा बढ़ायी, जेड श्रेणी की सिक्योरिटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नय दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें वाई श्रेणी की बजाय अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का निर्देश दिया है। अब जयशंकर के साथ शिफ्टों में चौबीस घंटे 14-15 सशस्त्र कमांडो रहेंगे। केंद्र सरकार ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें वाई श्रेणी की बजाय अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी।

# कुवि और देशिआ भाषा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता


**ओड़िशा** केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के परिसर में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कुवि और देशिआ भाषाओं की मूल बातें पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल 11 अक्टूबर, 2023 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई) एनसीईआरटी भुवनेश्वर के सहयोग से, यह प्रशिक्षण पहल कोरापुट जिले के कुवि और देशिआ भाषी छात्रों के लिए अपनी भाषा के माध्यम से सीखने और भाषाई विविधता को बढ़ावा देने और शैक्षिक अनुभव को समृद्ध करने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी, एनसीईआरटी, भुवनेश्वर के आरआईई के अध्यक्ष प्रोफेसर पीसी अग्रवाल, भाषा स्कूल के डीन और रजिस्ट्रार प्रोफेसर एनसी पांडा सम्मानित अतिथि थे। अन्य लोगों के अलावा, डॉ रश्मिरेखा सेठी, एसोसिएट प्रोफेसर और समन्वयक, कुवि और देशिआ भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एनसीईआरटी-आरआईई, भुवनेश्वर, डॉ कपिला खेमुंडू, स्थानीय समन्वयक और एसोसिएट प्रोफेसर, कुवि और देशिआ भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम, और सह-समन्वयक और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रुद्राणी मोहंती के साथ नौ रिसोर्स पर्सन (ईआरपी) भी थे।



प्रोफेसर त्रिपाठी ने अपने प्रेरक संबोधन में कोरापुट जिले में प्राथमिक स्तर पर कुवि और देशिआ भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में पेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इन आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जहां पहले उनकी मातृभाषा का उपयोग करके कोई शिक्षा प्रणाली नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह पहल इन बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ सशक्त बनाने, उन्हें अपने विचारों और रचनात्मकता को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे संविधान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों के अनुरूप उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करने में भी सफल होगा। कुलपति ने एनसीईआरटी और ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय को कुवि और देशिआ भाषाओं के लिए प्राइमर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपने के लिए यह दूरदर्शी कदम उठाने के लिए माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया।

प्रोफेसर पीसी अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षा के विकसित दृष्टिकोण और सतत राष्ट्रीय विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को अपने संबोधन में, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित मातृभाषा के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

केंद्रीय विद्यालय कोरापुट, डाइट कोरापुट, सरस्वती सिसु विद्या मंदिर, डीएवी-सीटीई और सरकारी कॉलेज कोरापुट सहित कोरापुट के कई ब्लॉकों के कुल 58 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। तीन दिनों तक, वे कुवि और देशिआ भाषाओं को सीखने में डूबे रहे और गायन, व्यंजन, शब्द, उच्चारण और गीत, नाटक, कहानी, लोकगीत और नृत्य जैसे कई कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कार्यक्रम की प्रशंसा की। शिक्षा के माध्यम के रूप में कुवी और देसिया जैसी मातृभाषाओं का उपयोग करते हुए, उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह विधि शिक्षक-छात्र संबंधों को बढ़ायेगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भाषाई विविधता को गले लगाने और क्षेत्र के कुवि और देशिआ भाषी छात्रों के सीखने को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**